

दैनिक सीहोर जिले का प्रथम दैनिक K ✌ K

RNI No.MPHIN/2003/10309

# क्षितिज ✌ किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे | सीहोर जिले, होशंगाबाद संभाग एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा | वर्ष-21 अंक-308 | सीहोर, शनिवार 01 फरवरी 2025 | पृष्ठ-8 | मूल्य -1 रूपये | सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना


## आज पेश होगा बजट, मिडिल क्लास को लेकर हो सकते है बड़े ऐलान



नई दिल्ली(ए)। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 1 फरवरी को देश का बजट पेश करेंगी। सीतारमण बतौर वित्त मंत्री लगातार अपना आठवां बजट पेश करेंगी। बजट 2025 से टैक्सपेयर्स से लेकर किसानों तक और महिलाओं से लेकर युवाओं तक की बड़ी उम्मीदें हैं।

### पेट्रोल-डीजल की कीमतों पर असर

पेट्रोल और डीजल की कीमतें घट सकती हैं। खबर है कि बजट में एक्साइज ड्यूटी में कटौती का ऐलान हो सकता है। अगर ऐसा होता है तो पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कमी आएगी। बता दें कि वर्तमान में पेट्रोल पर 19.90 रुपए और डीजल पर 15.80 रुपए ड्यूटी लगती है।

### पीएम किसान योजना की राशि में हो सकती है बढ़ौतरी

पीएम किसान योजना की राशि बढ़ सकती है। बोफा की रिपोर्ट के अनुसार, बजट में पीएम किसान योजना की राशि बढ़ सकती है। खबर है किसानों को मिलने वाली सहायता राशि को बढ़कर 12,00 रुपये सालाना किया जा सकता है। बता दें कि पात्र किसानों को तीन किस्तों में सालाना 6,000 ट्रांसफर किया जाता है।

### स्टैंडर्ड डिडक्शन में बढ़ोतरी

स्टैंडर्ड डिडक्शन केंद्रीय बजट 2025-26 में पुरानी और नई दोनों कर व्यवस्थाओं के तहत स्टैंडर्ड डिडक्शन को लेकर फैसला आ सकता है। दरअसल, एनालिस्ट नई और पुरानी दोनों आयकर व्यवस्थाओं के तहत स्टैंडर्ड डिडक्शन के स्तर को बढ़ाने की आवश्यकता पर आवाज उठा रहे हैं, ताकि बढ़ती महंगाई से राहत मिल सके और करदाताओं को अधिक आय की अनुमति मिल सके।

### टैक्सपेयर्स के लिए राहत भरे ऐलान संभव

इनकम टैक्स में छूट की संभावना बिजनेस स्टैंडर्ड ने सरकारी सूत्रों के हवाले से बताया कि इस बार बजट में नई कर व्यवस्था के तहत 10 लाख रुपये तक की वार्षिक आय को टैक्स फ्री किया जा सकता है। इसके अलावा 15 लाख रुपये से 20 लाख रुपये के बीच की वार्षिक आय के लिए एक नया 25 प्रतिशत टैक्स स्लैब पेश करने की योजना है। एक सरकारी सूत्र ने बताया- हम दोनों विकल्पों का मूल्यांकन कर रहे हैं। यदि हमारा बजट अनुमति देता है, तो हम दोनों उपायों को लागू कर सकते हैं। उन्होंने आगे कहा कि सरकार इस तरह की आयकर राहत के प्रभाव के रूप में 50,000 करोड़ रुपये से 1 लाख करोड़ रुपये तक के राजस्व नुकसान को बर्दाश्त करने के लिए तैयार है।

### बढ़ सकती हैं सोने की कीमतें

अलग-अलग सूत्रों के मुताबिक, बजट 2025 में सोने पर इंपोर्ट ड्यूटी बढ़ाई जा सकती है। अगर ऐसा होता है तो सोने की कीमतें सकती है। बता दें कि ज्वैलर्स इंडस्ट्री ने सरकार से इंपोर्ट ड्यूटी नहीं बढ़ाने की अपील की है क्योंकि इससे गोल्ड ज्वैलरी के एक्सपोर्ट पर नकारात्मक असर पड़ेगा और गोल्ड स्मग्लिंग भी बढ़ सकती है।

## पुंछ में घुसपैठ की कोशिश नाकाम, सेना ने दो आतंकवादियों को किया ढेर



पुंछ (ए)। सेना ने जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया और दो आतंकवादियों को मार गिराया। नगरोटा स्थित व्हाइट नाइट कॉर्प्स ने बताया कि गुरुवार रात एलओसी पर आतंकवादी गतिविधि का पता चला। सतर्क सैनिकों ने घुसपैठ की कोशिश कर रहे आतंकवादियों को घेर लिया।इसके बाद मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गए। सेना ने बाद में इलाके में तलाशी अभियान चलाया और हथियार व युद्ध सामग्री बरामद की। सेना ने कहा कि ऑपरेशन अभी जारी है। व्हाइट नाइट कॉर्प्स ने एक पोस्ट में कहा, कल रात पुंछ सेक्टर में लाइन ऑफ कंट्रोल पर आतंकवादी गतिविधि का पता चला। सतर्क सैनिकों ने तत्परता दिखाते हुए घुसपैठ करने वाले आतंकवादियों को घेर लिया। इसके बाद जबरदस्त गोलाबारी हुई। ऑपरेशन पूरे दिन चलता रहा। स्थानीय लोगों ने इलाके में कुछ संदिग्ध लोगों को देखे जाने की सूचना दी थी।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जापान में ऐतिहासिक टेम्पल्स और कैसल का किया भ्रमण



भोपाल (आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जापान दौरे के चौथे दिन क्योटो में ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण किया। उन्होंने सांस्कृतिक विरासत को समझने और मध्यप्रदेश के साथ संभावित सहयोग के नए अवसरों पर विचार-विमर्श के उद्देश्य से प्रसिद्ध निजो-जो कैसल, शेंजुशेंगेन्डो और टोजी टेम्पल का भ्रमण कर दर्शन किये।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने क्योटो स्थित निजो-जो कैसल का अवलोकन किया, जो जापान की समृद्ध ऐतिहासिक धरोहर और स्थापत्य कला का प्रतीक है। उन्होंने इस दौरान जापान की सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और उसके प्रबंधन से जुड़े पहलुओं को भी जाना। इसके साथ ही, उन्होंने शेंजुशेंगेन्डो मंदिर में दर्शन किए, जो अपनी अनूठी वास्तुकला और ऐतिहासिक महत्व के लिए प्रसिद्ध है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जापान और मध्यप्रदेश के बीच सांस्कृतिक और औद्योगिक संबंध पहले से ही सुदृढ़ हैं इन्हें और अधिक प्रगाढ़ करने के लिए विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग के नए आयाम तलाशे जा रहे हैं, जिससे पर्यटन और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा मिल सके।

## टोल प्लाजा पर कार चालक की दबंगई, कर्मचारी को बोनट पर लेकर 1 KM दौड़ाई कार



आगरा(आरएनएस)। आगरा में एक टोलकर्मी को टोल टैक्स मांगना उस समय भारी पड़ गया, जब कार सवार ने पहले उस पर गाड़ी चढ़ाने की कोशिश की, और फिर कार के बोनट पर एक किलोमीटर तक घसीटते हुए ले गया। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है।घटना आगरा के थाना खंदौली टोल प्लाजा की है। जानकारी के अनुसार, गाड़ी में फास्टैग न होने पर टोल कर्मियों की कार सवार से बहस हुई। इसके बाद कार सवार तेजी से जाकर कार में बैठ गया टोल न देने पर गुस्साए टोल कर्मी ने कार सवार को रोकने की कोशिश की। फिर कार चालक बाहर निकला और टोलकर्मियों से बहस की। इसके बाद भी टोलकर्मी नहीं हटे तो कार चालक ने कार में बैठकर कार चला दी। टोलकर्मी नहीं हटे तो एक टोल कर्मी को बोनट पर लेकर बैरिकेड तोड़ते हुए निकल गया।

## भगदड़ के 2 दिन बाद पोस्टमार्टम हाउस के बाहर लगे 24 अज्ञात मृतकों के पोस्टर

प्रयागराज(आरएनएस )। महाकुंभ में मौनी अमावस्या पर भगदड़ हुई। इसके बाद भगदड़ को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस में अधिकारियों ने बताया कि महाकुंभ भगदड हादसे में 30 श्रद्धालुओं की मौत हो गई और 60 घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। मरने वालों में 25 की पहचान कर ली गई है और पांच अज्ञात है। अब 2 दिन बाद प्रशासन की ओर से 24 अज्ञात मृतकों के चेहरे के पोस्टर लगा दिए गए हैं। इन पोस्टर से परिजन मृतकों की पहचान की कोशिश कर रहे हैं। पोस्टमार्टमहाउस के बाहर लगे इस पोस्टरों से अब कई तरह के सवाल खड़े होने लगे हैं।

## फिरोजपुर में बोलेरो पिकअप और कैंटर के बीच भीषण टक्कर, 10 की मौत-5 गंभीर घायल

फिरोजपुर(आरएनएस)। पंजाब के फिरोजपुर से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। जहां एक बोलेरो पिकअप और कैंटर की टक्कर हो गई है। इस हादसे में 10 लोगों की मौत हो गई है। जबकि, 5 लोग गंभीर रूप से घायल हैं। हादसा सुबह फिरोजपुर के गांव मोहन के उताड़ के पास हुआ है। जानकारी के मुताबिक घटना के वक्त पिकअप में करीब 15 से ज्यादा लोग सवार थे। घायलों को राहगीरों और एंबुलेंस की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। यह दुर्घटना फिरोजपुर-फाजिल्का रोड पर हुई। घटना की सूचना मिलने के बाद फिरोजपुर पुलिस के अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं। घटनास्थल पर जांच के लिए पहुंचे इंस्पेक्टर जसविंदर सिंह बराड़ ने बताया है कि सूचना मिलते ही सड़क सुरक्षा फोर्स की टीमें पहुंच गई थीं। सभी घायलों अस्पताल पहुंचाया गया है।इंस्पेक्टर बराड़ ने बताया है कि बोलेरो पिकअप में मजदूर सवार थे। वे फिरोजपुर से देहात एरिया की ओर जा रहे थे। इस दौरान पिकअप बेकाबू हो गई, जिससे पीछे से आ रहे कैंटर के साथ हादसा हो गया।

## सोनिया गांधी ने राष्ट्रपति को कहा 'POOR LADY', अभिभाषण को राहुल गांधी ने बताया बोरिंग



नई दिल्ली(ए)। संसद के संयुक्त सत्र में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण पर कांग्रेस नेता सोनिया गांधी द्वारा कई गई टिप्पणी से सियासत गर्मा गई है। सोनिया गांधी ने राष्ट्रपति के अभिभाषण के बाद कहा, "वो Poor Lady हैं और अभिभाषण के बाद थक गई थीं।दरअसल, संसद परिसर में जब पत्रकारों ने उनसे सवाल पूछा तो सोनिया ने राष्ट्रपति को Poor Lady (बेचारी महिला) कह डाला।वहीं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने राष्ट्रपति मुर्मू के अभिभाषण को बोरिंग बताया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति पुरानी चीजों को ही रिपीट कर रही थीं। इसके बाद सोनिया ने कहा कि राष्ट्रपति काफी थक गई थीं। वो बड़ी मुश्किल से बोल पा रही थीं। खराब बातें बोली Poor Lady अब इसे लेकर राजनीति गरमा गई है। बीजेपी ने कहा कि सोनिया गांधी ने राष्ट्रपति का अपमान किया है। बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने सोनिया गांधी के बयान का जिक्र करते हुए कांग्रेस को आदिवासी विरोधी बताया। एक्स पर पोस्ट कर उन्होंने कहा, "हम बीजेपी कार्यकर्ताओं की ओर से भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के लिए Poor शब्द के इस्तेमाल की निंदा करते हैं। कांग्रेस जानबूझकर ऐसा करती है, जो उसकी गरीब-विरोधी और आदिवासी विरोधी सोच को दर्शाता है। कांग्रेस पार्टी राष्ट्रपति और भारत के आदिवासी समुदायों से बिना शर्त माफी मांगे।"

### माफी मांगे सोनिया गांधी

कांग्रेस नेता सोनिया गांधी के बयान पर बीजेपी सांसद संबित पात्रा ने भी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा, सोनिया गांधी ने अभिभाषण को लेकर जो बयान दिया वह सही नहीं है। राष्ट्रपति ने बुलंदी के साथ अपनी बात रखी है। सोनिया गांधी को अपनी टिप्पणी के लिए माफी मांगनी चाहिए। राहुल गांधी पर तंज कसते हुए बीजेपी सांसद ने कहा कि वह बार-बार लॉन्च नहीं हो पाते हैं।

## मतदान से पांच दिन पहले आम आदमी पार्टी को बड़ा झटका

### आप के 8 विधायकों ने एक ही दिन में पार्टी छोड़ी

नई दिल्ली (ए)। दिल्ली विधानसभा चुनाव से 5 दिन पहले आम आदमी पार्टी के 8 मौजूदा विधायकों ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। इनमें महरौली, त्रिलोकपुरी, जनकपुरी, बिजवासन, पालम, आदर्श नगर, कस्तूरबा नगर विधानसभा सीट शामिल हैं। महरौली से 2 बार के पार्टी विधायक नरेश यादव ने शुक्रवार को पार्टी से इस्तीफा दिया है। उन्होंने अपने इस्तीफे की वजह पार्टी में फैले भ्रष्टाचार को बताया। उन्होंने एक्स पोस्ट में पार्टी छोडने् की वजह भी बताई है। उन्होंने लिखा कि आप का उदय भ्रष्टाचार के खिलाफ हुए अन्ना आंदोलन से भारतीय राजनीति



से भ्रष्टाचार को मुक्त करने के लिए हुआ था। लेकिन अब मैं बहुत दुखी हूं कि भ्रष्टाचार आम आदमी पार्टी बिल्कुल भी कम नहीं कर पाई, बल्कि आप ही भ्रष्टाचार के दलदल में लिप्त हो चुकी है।उन्होंने लिखा कि मैंने आम आदमी पार्टी ईमानदारी की राजनीति के लिए ही जॉइन की थी। आज कहीं भी ईमानदारी नजर नहीं आ रही है। मैंने महरौली विधान सभा में पिछले 10 सालों से लगातार 100 फीसदी ईमानदारी से काम किया है। महरौली के लोग जानते हैं कि मैंने ईमानदारी की राजनीति, अच्छे व्यवहार की राजनीति और काम की राजनीति की है। यादव ने लिखा कि मैंने महरौली के बहुत से लोगों से चर्चा की सभी ने यही कहा कि आम आदमी पार्टी अब पूरी तरह से भ्रष्टाचार में लिप्त हो चुकी है।

## मध्यप्रदेश बना जीसीसी नीति लागू करने वाला भारत का पहला राज्य

भोपाल (आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में राज्य सरकार ने भारत की पहली समर्पित ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स (GCC) नीति 2025 लागू की है। इससे राज्य नवाचार और तकनीकी उत्कृष्टता का केंद्र बनने की दिशा में अग्रसर हो गया है। यह नीति भोपाल, इंदौर और ग्वालियर जैसे टियर-2 शहरों को वैश्विक परिचालन केंद्रों के रूप में विकसित करने का मार्ग प्रशस्त करेगी, जिससे भारत में विस्तार की चाह रखने वाले व्यवसायों को प्रतिस्पर्धी लाभ मिलेगा। आईटी, आईटीईएस और ईएसडीएम इन्वेस्टमेंट प्रमोशन पॉलिसी-2023 की सफलता को आगे बढ़ाते हुए यह नई नीति मध्यप्रदेश को एक सशक्त जीसीसी ईको सिस्टम प्रदान करने और राज्य को भारत के तकनीकी विकास में अग्रणी बनाने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।





## भारत ने इंग्लैंड से मैच भी जीता और सीरीज भी,हार्दिक-दुबे की फिफ्टी



पुणे (ए)। भारत ने इंग्लैंड को चौथे टी-20 में 15 रन से हरा दिया। इसी के साथ टीम ने 5 मैचों की सीरीज में 3-1 की अजेय बढ़त भी ले ली। पुणे के स्टेडियम में इंग्लैंड ने शुक्रवार को बॉलिंग चुनी। भारत ने 9 विकेट खोकर 181 रन बनाए। इंग्लिश टीम 166 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। भारत के लिए शिवम दुबे के कन्कशन सब्स्टीट्यूट हर्षित राणा ने 3 विकेट लिए। रवि बिश्नोई को भी 3 विकेट मिले। वरुण चक्रवर्ती ने 2 विकेट लिए। अर्शदीप सिंह और अक्षर पटेल को 1-1 विकेट मिला। बैटिंग में हार्दिक पंड्या और शिवम दुबे ने 53-53 रन की पारी खेली। आखिरी टी-20 मैच 2 फरवरी को मुंबई में खेला जाएगा।

## किन्नर अखाड़े का बड़ा एक्शन, ममता कुलकर्णी को महामंडलेश्वर पद से हटाया, अखाड़े से भी निष्कासित



नई दिल्ली(ए.)। प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ के बीच किन्नर अखाड़े ने बड़ा एक्शन लिया है। किन्नर अखाड़े के संस्थापक ऋषि अजय दास ने ममता कुलकर्णी को महामंडलेश्वर पद से हटाकर अखाड़े से बाहर कर दिया है। इसके साथ ही लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी को आचार्य महामंडलेश्वर पद और अखाड़े से बाहर किया गया है। दोनों को किन्नर अखाड़े से निष्कासित कर दिया गया है। महाकुंभ में अभिनेत्री ममता कुलकर्णी ने कुछ दिन पहले संन्यास की दीक्षा ली थी। संन्यास लेने के बाद ममता कुलकर्णी को किन्नर अखाड़े में महामंडलेश्वर बनाया गया था, जिसका जमकर विरोध हुआ और किन्नर अखाड़े में बड़ी कलह शुरू हो गई थी। किन्नर अखाड़े के संस्थापक ऋषि अजय दास ने कहा है कि अब नए सिरे से अखाड़े का पुनर्गठन किया जाएगा और जल्द ही नए आचार्य महामंडलेश्वर के नाम का ऐलान होगा। अजय दास ने कहा- लक्ष्मी नारायण ने पहले भी मेरी परमिशन के जूना अखाड़ा के साथ एक लिखित अनुबंध 2019 में प्रयागराज कुंभ में किया। जो कि अनैतिक ही नहीं एक प्रकार की चारसौबीसी है।

## अनिल विज के तेवर से डरी सैनी सरकार, डीसी को हटाया; मंत्री बोले- हेलिकॉप्टर पर ही रहते हैं सीएम

अंबाला(आरएनएस)। हरियाणा में अपनी ही सरकार के खिलाफ मोर्चा खोलने वाले प्रदेश के वरिष्ठ मंत्री अनिल विज के तेवरों से नायब सैनी सरकार बैकफुट पर आ गई है। सरकार ने अंबाला के डीसी पार्थ गुप्ता को हटाकर उनकी जगह अजय सिंह तोमर को जिम्मेदारी सौंपी है। पार्थ गुप्ता को यमुनानगर का डीसी लगाया गया है।सैनी सरकार ने कुल आठ आईएएस अधिकारियों का भी तबादला किया है। वहीं, दूसरी तरफ अनिल विज का बयान भी सामने आया है। उन्होंने कहा कि जब से नायब सैनी मुख्यमंत्री बने हैं, हेलिकॉप्टर पर रहते हैं। अगर हेलिकॉप्टर से नीचे उतरेंगे तो लोगों के दुख-दर्द सुनेंगे।दरअसल, अनिल विज इस बात पर नाराज है कि कुछ दिन पहले उन्होंने अंबाला कैंट सदर थाने के एसएचओ को सस्पेंड करने के आदेश दिए थे लेकिन इन पर अमल नहीं किया गया। गृह मंत्रालय मुख्य मंत्री नायब सैनी के पास ही है। विज के गृह जिले में ही उनके आदेश लागू न होने से वह आहत थे। उन्होंने यहां तक चेतावनी दी कि अगर जरूरत पड़ी तो वे किसान नेता जगजीत डल्लेवाल की तरह अनशन करने को भी तैयार हैं।

## कलेक्टर पर रेत माफिया का हमला

भिंड(आरएनएस)। कलेक्टर पर गुरुवार देर रात रेत माफिया ने हमला कर दिया। कलेक्टर उमरी इलाके में रेत का अवैध खनन रोकने गए थे। बदमाशों ने रेत से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली छुड़ाने के लिए पथराव कर दिया। कलेक्टर के सुरक्षाकर्मियों ने फायरिंग कर बदमाशों को खदेड़ा।हालांकि, कलेक्टर श्रीवास्तव का कहना है कि मैं ट्रैक्टर-ट्रॉली पकड़ने के बाद खनिज विभाग को सौंपकर वहां से निकल आया था। माफिया ने खनिज विभाग की टीम से ट्रैक्टर-ट्रॉली छीनने का प्रयास किया था। मामले में एफआईआर करवा रहे हैं।जानकारी के मुताबिक, कलेक्टर संजीव श्रीवास्तव गुरुवार रात ककारा रेत खदान का निरीक्षण करने के लिए प्राइवेट वाहन से निकले थे। उनके साथ राजस्व अमला और स्थानीय थाने का स्टाफ नहीं था। खदान इलाके में उन्होंने एक खाली ट्रैक्टर-ट्रॉली देखी। उसे रोककर ड्राइवर से पूछताछ करने लगे।इसी बीच रेत से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली आई तो कलेक्टर ने उसे रोका। ड्राइवर ट्रैक्टर-ट्रॉली छोड़कर मौके से भाग निकला।



# जापान की बड़ी कम्पनियाँ म.प्र. में व्यापार करने को हुई तैयार : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## मुख्यमंत्री की जापान यात्रा को मिले सुखद परिणाम

भोपाल (ए.)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मुझे खुशी है कि जापान की बड़ी कम्पनियाँ मध्यप्रदेश में आकर अपने व्यवसाय और व्यापार को और अधिक बढ़ाने के लिये तैयार हैं। मध्यप्रदेश की भौगोलिक स्थिति ऐसी है कि यहाँ से उत्पादों को न केवल भारत में, बल्कि अंतर्राष्ट्रीय बाजारों तक भी आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इसका लाभ जापानी कंपनियों को तो मिलेगा ही साथ ही प्रदेश में औद्योगिक विकास को भी गति मिलेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पैनासोनिक और ब्रिजस्टोन जैसी कम्पनियों सहित जापानी निवेशकों ने मध्यप्रदेश में निवेश के लिये सहमति जताई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अपनी 4 दिवसीय जापान यात्रा के दौरान व्यापारिक और सांस्कृतिक संबंधों को मजबूत करने के लिए कई महत्वपूर्ण बैठकें कीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि जापान के उद्योग, संस्कृति और तकनीक को करीब से समझने का यह एक महत्वपूर्ण अवसर था। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश का वातावरण बदल रहा है।

**बौद्ध धर्म और संस्कृति से जुड़ाव**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जापान में कई बौद्ध धार्मिक स्थलों के दर्शन किए। उन्होंने कहा कि हमारे यहां धार्मिक स्थलों की यात्रा करने की परंपरा है। जापान की बौद्ध संस्कृति भगवान सूर्य और गौतम बुद्ध से भी जुड़ी हुई है, जिससे हमें अपनी साझा विरासत को समझने का अवसर मिला।



**जापान की औद्योगिक नीति और मध्यप्रदेश में संभावनाएं**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जापानी कंपनियां निवेश के फैसले लेने में बेहद सतर्क रहती हैं और गहन अध्ययन एवं शोध के बाद ही आगे बढ़ती हैं। जापान यात्रा के दौरान हमने जिन प्रमुख उद्योगपतियों से मुलाकात कि सभी ने सकरात्मक रूख अपनाते हुए मध्यप्रदेश में निवेश करने की बात कही। उन्होंने बताया कि रेडीमेड गारमेंट्स से जुड़े उद्यमियों से भी चर्चा हुई, जिन्होंने मध्यप्रदेश में निवेश की संभावना को लेकर रुचि दिखाई है।

**बुलेट ट्रेन और भविष्य की संभावनाएं**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जापान की बुलेट ट्रेन में सफर किया और इसकी उन्नत तकनीक की सराहना की। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अहमदाबाद से मुंबई के बीच बुलेट ट्रेन परियोजना की बात कही है। ऐसी ही अन्य परियोजनाओं पर काम हो रहा है। जापान की सहायता से भारत में भी भविष्य में इसी तरह की अत्याधुनिक रेल परियोजनाओं को साकार किया जा सकता है।

**जापानी लोगों का भारत के प्रति प्रेम**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जापानी लोगों की मेहमाननवाजी की भी सराहना की। उन्होंने कहा, यह देखकर बहुत अच्छा लगा कि जापान के लोग न केवल अपने देश से प्रेम करते हैं, बल्कि भारत के प्रति भी उनके मन में विशेष सम्मान और आत्मीयता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जापान में भारतीय दूतावास और वहां के अधिकारियों का आभार जताया। उन्होंने कहा कि यह यात्रा मध्यप्रदेश और जापान के बीच व्यापारिक, सांस्कृतिक और तकनीकी सहयोग को नई ऊंचाई देने में सहायक होगी।

### स्वच्छ सर्वे 2024 में बढ़ाए 3000 अंक

भोपाल (आरएनएस)। राजधानी में स्वच्छ सर्वे 2024 का काउंट डाउन शुरु हो चुका है यानी दिल्ली से सर्वे टीम कभी भी आ सकती है। नगर निगम दावा कर रहा है कि वह सर्वे के लिए पूरी तरह तैयार हैं। जबकि हकीकत यह है कि चुनौती पहले से ज्यादा बड़ी है। क्योंकि स्वच्छता सर्वे पेरामीटर्स में न सिर्फ बदलाव किया गया है, बल्कि पेरामीटर्स भी जोड़े गए हैं। यही नहीं पिछली बार 9500 अंकों का सर्वे इस बार 12500 अंकों का होगा।

### सिविल अस्पताल में नई स्वास्थ्य सेवाएं शुरु

भोपाल, (आरएनएस)। सिविल अस्पताल गोविंदपुरा हथाईखेड़ा में इमरजेंसी विभाग, प्रसूति वार्ड और पोषण पुनर्वास, पीएनसी (पोस्ट नटाल केयर) वार्ड और पोषण पुनर्वास केंद्र (एनआरसी) का लोकार्पण किया गया। राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर और राज्य मंत्री लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग नरेंद्र शिवाजी पटेल विशेष रूप से उपस्थित रहे। सिविल अस्पताल गोविंदपुरा में 100 बिस्तरों की क्षमता के साथ आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं से सुसज्जित किया जा रहा है। अस्पताल में मरीजलों की बेहतर देखभाल के लिए इमरजेंसी सेवाएं, महिला व शिशु स्वास्थ्य संबंधी विशेष वार्ड, पोषण पुनर्वास केंद्र और प्रसूति वार्ड को शुरु किया गया है।

## भारतीय रेलवे ने पूरे किए विद्युतीकरण के 100 साल, भोपाल मंडल में विशेष आयोजन



भोपाल (निप्र)। भारतीय रेलवे के इतिहास में विद्युतीकरण की शुरुआत 3 फरवरी 1925 को हुई थी, जब ग्रेट इंडियन पेनिनसुला रेलवे (जीआईपीआर) हार्बर लाइन पर बॉम्बे विक्टोरिया टर्मिनस और कुर्ला के बीच पहली इलेक्ट्रिक ट्रेन (1500 वी डीसी) चली। इसके बाद 25 केवी एसी प्रणाली ने रेलवे विद्युतीकरण को एक नया आयाम दिया, और 15 दिसंबर 1959 को राज खारस्वान-डोंगोआपोसी खंड पर पहली इलेक्ट्रिक ट्रेन चलाई गई। इस ऐतिहासिक यात्रा के 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में मंडल रेल प्रबंधक श्री देवाशीष त्रिपाठी के निर्देशन में भोपाल रेल मंडल ने कई जागरूकता और उत्सव कार्यक्रम आयोजित किए। भोपाल मंडल के विद्युत सामान्य विभाग ने इस अवसर पर सेमिनार, रैली, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताएं, और मैराथन जैसे कार्यक्रमों का आयोजन किया। इन आयोजनों का मुख्य उद्देश्य रेलवे कर्मचारियों और आम जनता को रेलवे की उपलब्धियों से परिचित कराना और ऊर्जा संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना था।

**ऊर्जा संरक्षण पर जोर**

कार्यक्रमों के दौरान ऊर्जा संरक्षण के महत्व पर विशेष ध्यान दिया गया। प्रतिभागियों को बताया गया कि छोटे-छोटे कदम, जैसे कमरे से बाहर निकलते समय एयर कंडीशनर या पंखे बंद करना, उपकरणों को अनप्लग करना, और नवीकरणीय ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा देना, पर्यावरण और आर्थिक लाभ दोनों के लिए फायदेमंद हो सकता है। इन उपायों से ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में कमी आती है और ऊर्जा की बचत होती है।

**सेमिनार और प्रशिक्षण**

इटारसी पैसेंजर यार्ड डिपो में एक सेमिनार का आयोजन किया गया, जिसमें स्टाफ को सुरक्षा उपकरणों जैसे अर्थिंग रॉड, सुरक्षा हेलमेट, सुरक्षा बेल्ट, और मल्टीमीटर के उपयोग के बारे में प्रशिक्षित किया गया। साथ ही, ओवरहेड लाइन पर काम करते समय सुरक्षा नियमों का पालन करने के बारे में जागरूकता फैलाई गई।

**रैली और जागरूकता अभियान**

बीना, गुना, और भोपाल में रैलियों का आयोजन किया गया, जिसमें रेलवे स्टाफ के परिवारजनों और यात्रियों को रेलवे की उपलब्धियों और ऊर्जा संरक्षण के महत्व के बारे में बताया गया। बीना स्टेशन से सोलर प्लांट तक निकाली गई रैली में प्रमुख मुख्य विद्युत इंजीनियर ने भारतीय रेलवे की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला और ऊर्जा संरक्षण के लिए प्रेरित किया।

**प्रश्नोत्तरी और मैराथन**

भोपाल मंडल में कर्मचारियों के बीच प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें रेलवे विद्युतीकरण और ऊर्जा संरक्षण से संबंधित प्रश्न पूछे गए। इसके अलावा, एक मैराथन का आयोजन किया गया, जो रेलवे विद्युतीकरण में नवाचार और स्थिरता की विरासत को श्रद्धांजलि था।

## प्रदेश में प्राइवेट स्कूलों की हड़ताल विदिशा में संचालकों ने सिर मुंडाया

भोपाल (आरएनएस)। मध्यप्रदेश में गत दिवस को एमपी बोर्ड की पहली से आठवीं कक्षा तक के प्राइवेट स्कूल बंद हैं। बंद का आह्वान एमपी बोर्ड प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन ने किया है। मान्यता के नियम में रजिस्टर्ड रेंट एग्रीमेंट की शर्त के विरोध में बंद बुलाया गया हे। इंदौर, जबलपुर, उज्जैन समेत प्रदेश के अन्य जिलों में बंद का असर देखा जा रहा है। वहीं विदिशा में स्कूल संचालकों ने अपना मुंडन कराया है। हालांकि, इसका असर राजधानी भोपाल में नहीं दिखा। प्राइवेट स्कूल संचालक एसोसिएशन के अनुसार इसका प्रभावव शहर से सटे ग्रामीण इलाकों में नजर आया है। प्राइवेट स्कूल एसासिएशन के प्रदेश अध्यक्ष अजीत सिंह ने कहा कि सरकार ने मान्यता के नियमों को बहुत जटिल बना दिया है, जिससे सबसे अधिक कठिनाई ग्रामीण जिलों में हो रही है। वहीं एफ्डी अमाउंट लिया जा रहा है। सत्र 2025-26 की मान्यता में कई स्कूलों के बंद होने की संभावना है। स्कूल बंद होने से उनमें कार्यरत शिक्षक और कर्मचारी बेरोजगार हो सकते हैं और इससे जुड़े संस्थान भी प्रभावित होंगे। बच्चों की शिक्षा पर भी नकारात्मक असर पड़ेगा। वर्तमान में प्राइवेट स्कूलों से राजस्व बढ़ाने पर जोर दिया




जा रहा है, जबकि पहले शिक्षा के महत्व को समझते हुए मान्यता नियमों को सरल रखा गया था। ऐसे में सवा लाख से अधिक शिक्षकों और स्कूल कर्मचारियों के बेरोजगार होने की संभावना है। इंदौर में एमपी बोर्ड पझवेट स्कूल एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष गोपाल सोनी ने बताया कि इंदौर में आठवीं तक के 2600 प्राइवेट स्कूल हैं। मान्यता के लिए रजिस्टर रेंट एग्रीमेंट की शर्त का विरोध और सुरक्षा निधि लेने की रोक की मांग को लेकर ये सभी स्कूल गत दिवस बंद रहे। जबलपुर में टाउन हॉल में गांधी प्रतिमा के सामने निजी स्कूल के संचालकों ने विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने नारेबाजी करते हुए एसडीएम अभिषेक सिंह को मांग पत्र सौंपा।

## ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट की तैयारियों को लेकर बैठकों का दौर जारी, अडाणी-अंबानी स्मार्ट रोड से पहुंचेंगे

भोपाल, (आरएनएस)। राजधानी स्थित इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय में 24 और 25 फरवरी को आयोजित होने जा रही ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट (जीआईएस) की तैयारियों को लेकर अधिकारियों की बैठक का दौर जारी है। सूत्रों ने बताया कि प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री सहित उद्योगपतियों के एयरपोर्ट से समिट स्थल पहुंचने का रोडमैप तैयार किया जा रहा है। इसके तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव वन विहार रोड से समिट स्थल पर पहुंच सकते हैं। वहीं उद्योगपति गौतम अडाणी और मुकेश अंबानी सहित तमाम उद्योगपति और उनके प्रतिनिधि स्मार्ट रोड से होकर समिट में आएंगे। जीआईएस में प्रधानमंत्री सहित देश-विदेश के बड़े उद्योगपतियों और उनके प्रतिनिधियों के शामिल होने के कारण यह कार्यक्रम और ज्यादा महत्वपूर्ण हो गया है। सभी के आने-जाने के रूट की तैयारियां की जा रही हैं। पहले प्रधानमंत्री के लिए मानव संग्रहालय या फिर लाल परेड मैदान में हैलीपेड बनाए जाने पर विचार किया गया था, लेकिन सूत्रों का कहना है कि अब वह सीधे एयरपोर्ट से सडक़ मार्ग से आयोजन स्थल पर पहुंच सकते हैं।



### करोड़ों के ब्रिज में गलत दिशा से जा रहे वाहन

भोपाल (आरएनएस)। शहर की बिगड़ी यातायात व्यवस्था को सुधारने के लिए करोड़ों रुपये खर्च करके बाबूलाल गौर सेतु ओर अंबेडकर ब्रिज बनाया गया, ताकि वाहन चलाक सुरक्षित आवाजाही कर सकेंगे। लेकिन अधिकारियों की गलत प्लानिंग की वजह से वाहन चलाक गलत दिशा (रांग साइड) से जान जोखिम में डालकर आवाजाही करने को मजबूर हैं। बाबूलाल गौर सेतु (बावडिया कलां ओवर ब्रिज), अंबेडकर ब्रिज और हबीबगंतज अंडर ब्रिज इन तीनों स्थानों से वाहन चालकों को रांग साइड से जाता हुआ देखा जा सकता है।

## सेवानिवृत्त 39 रेल कर्मियों को दी गई भावभीनी विदाई



भोपाल (निप्र)। 31 जनवरी 2025 को अपनी रेल सेवा से निवृत्त हुए 39 रेल कर्मियों को आज मण्डल कार्यालय में आयोजित एक गरिमामयी कार्यक्रम में माननीय मंडल रेल प्रबंधक देवाशीष त्रिपाठी द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सेवानिवृत्त कर्मचारियों को अंतिम निपटान राशि का वितरण एनईएफटी के माध्यम से किया गया। साथ ही, रेलवे पेंशन पोर्टल (आई-पास) के माध्यम से भुगतान आदेश प्रपत्र, मानार्थ पास, पहचान पत्र तथा उदारीकृत चिकित्सा सुविधा कार्ड प्रदान किए गए। सभी सेवानिवृत्त कर्मियों को स्वस्थ और सुखमय जीवन के लिए शुभकामनाएं दी गईं। इस कार्यक्रम में अपर मंडल रेल प्रबंधक श्रीमती रश्मि दिवाकर, वरिष्ठ मंडल वित्त प्रबंधक, वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी, सहायक कार्मिक अधिकारी (कल्याण), सहायक मंडल वित्त प्रबंधक, रेलवे यूनियन, संघ एवं एसोसिएशन के पदाधिकारी, तथा कार्मिक और लेखा विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।




**सहकारिता मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने सहकारिता वर्ष 2025 की राज्य स्तरीय वार्षिक कैलेंडर की रूपरेखा पर चर्चा की।**

## रेलवे विद्युतीकरण के 100 वर्ष पूरे होने पर भोपाल मंडल में ऊर्जा संरक्षण हेतु अभिनव पहल

भोपाल (निप्र)। मंडल रेल प्रबंधक देवाशीष त्रिपाठी के मार्गदर्शन में भोपाल मंडल (पश्चिम मध्य रेलवे) के विद्युत सामान्य विभाग द्वारा रेलवे विद्युतीकरण के 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में ऊर्जा संरक्षण और टिकाऊ विकास को बढ़ावा देने हेतु कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। इस अवसर पर रेलवे परिसरों में ऊर्जा दक्ष तकनीकों को अपनाते हुए बिजली की बचत सुनिश्चित की जा रही है।

**ऊर्जा संरक्षण हेतु उठाए गए कदम एवं बचत**

1. एलईडी लाइट्स से ऊर्जा की बचत: रेलवे परिसरों में CFL लाइट्स की जगह LED लाइट्स लगाने से 20.5 लाख यूनिट बिजली की बचत हो रही है, जिससे रेलवे को सालाना 1.90 करोड़ की आर्थिक बचत हो रही है।
2. BLDC पंखों का उपयोग: पुराने 60 वॉट के पारंपरिक पंखों को ऊर्जा दक्ष BLDC पंखों से बदल दिया गया है। इससे सालाना 8.64 लाख यूनिट बिजली बचाई जा रही है, जिससे रेलवे को 78.7 लाख की वार्षिक बचत हो रही है।
3. सौर ऊर्जा का उपयोग: भोपाल मंडल में 1.17 मेगावाट क्षमता के सौर ऊर्जा संयंत्र लगाए गए हैं, जिनसे प्रति वर्ष 14 लाख यूनिट बिजली का उत्पादन किया जा रहा है। इस पहल से रेलवे को 45 लाख प्रति वर्ष की बचत हो रही है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया ने बताया कि रेलवे विद्युतीकरण के 100 वर्ष पूरे होने के अवसर पर ऊर्जा संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए यह प्रयास किए जा रहे हैं। रेलवे द्वारा अपनाई गई ये नवाचार तकनीकें न केवल बिजली की खपत को कम करेंगी, बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी योगदान देंगी। रेलवे विद्युतीकरण का यह 100 वर्षों का सफर भारत की प्रगति का प्रतीक है और आगे भी रेलवे पर्यावरण अनुकूल नीतियों को अपनाते हुए ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा देता रहेगा।




## जयश्री गायत्री फूड्स से 72.50 करोड़ की प्रॉपर्टी मिली

भोपाल,(आरएनएस)। जयश्री गायत्री फूड्प प्राइवेट लिमिटेड के मालिक किशन मोदी के यहां गुरुवार को भी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) भोपाल की सर्चिंग हुठ। ईडी को छापे में विभिन्न कंपनियों ओर परिवार के सदस्यों के नाम पर 66 करोड़ रुपए की प्रॉपर्टी मिली। सर्चिंग के दौरान ईडी को कई दस्तावेज, 25 लाख नकदी और लग्जरी कारें मिली हैं। जिन्हें जब्त कर लिया गया है। ईडी ने कम्पनी की एफ्डी के 6.26 करोड़ रुपए फ्रीज कर दिए। ईडी ने बुधवार को राजधानी भोपाल के अलावा सीहोर और मुरैना जिले में मेसर्स जयरी गायत्री फूड प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड के ठिकानों पर सर्चिंग की कार्यवाही की थी। ईडी ने भोपाल के बिट्टन मार्केट, शाहपुरा स्थित आवास के अलावा सीहोर-रातीबड़-भोपाल मार्ग पर ग्राम पिपलिया मीरा में स्थित जयश्री गायत्री पनीर फैक्ट्री पर भी कार्रवाई की है। एक टीम फैक्ट्री प्रबंधक के मुरैना स्थित मकान पर भी पहुंची थी। इन ठिकानों पर की गई सर्चिंग में मोदी के परिसरों में पीएमएलए 2002 के प्रावधान के तहत कार्यवाही की गई है। सीआरपीएफ के जवानों की मौजूदगी में की गई जांच-पड़ताल के दौरान आपत्तिजकनक दस्तावेज, 25 लाख रुपए नकद मिले हैं। इसके साथ ही लग्जरी बीएमडब्ल्यू और फॉरच्यूनर कारें भी मिली हैं। सभी चल-अचल संपित्त के दस्तावेजों की जांच में वित्तीय अनियमितताएं पाई गई। मेसर्स जयरी गायत्री फूड प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड की जांच के दौरान किशन मोदी, पायल मोदी, अमित कुकलोद समेत इनसे जुड़े प्रमुख व्यक्तियों के आवासीय परिसर और मेसर्स जयरी गायत्री फूड प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड के अधिकारिक परिसर और कारखाने में जांच की गई है।

## ईओडब्ल्यू की कार्रवाई में 2.5 करोड़ की संपत्ति उजागर

भोपाल(आरएनएस)। बालाघाट जिले की वारासिवनी नगर परिषद में पदस्थ मुख्य कार्यपलान अधिकारी (सीएमओ) ओर सिवनी नगर पालिका की प्रभारी दिशा डेहरिया के छिंदवाड़ा, सिवनी और वारासिवनी के ठिकानों पर आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (ईओडब्ल्यू) ने छापे मारे। गत दिवस सुबह छह बजे इन सभी स्थानों पर एक साथ ईओडब्ल्यू की टीमें पहुंची। छापों के दौरान टीमों को दो मकान, दो दुकान, दो कार, तीन बाइक समेत 30 लाख के सोने-चांदी के जेवर मिले हैं। सर्चिंग के दौरान लगभग दो करोड़ 50 लाख की अनुमानित अनुपातहीन संपत्ति की जानकारी उजागर हुई है। ईओडब्ल्यू के एआईजी सुनील पाटीदार के अनुसार सर्चिंग जारी है और प्रॉपर्टी एंव बैंक खातों का भी खंगाला जा रहा है। जांच खत्म होने के बाद ही सीएमओ की आय से अधिक संपत्ति का सही आंकड़ा समाने आएगा दिशा डेहरिया के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति होने क दस्तावेजों के साथ लिखित शिकायत विगत दिनों ईओडब्ल्यू की जबलपुर यूनिट में की गई थी। दिशा डेहरिया की मूल पदस्थापना बालाघाट जिले की वारासिवनी नगर पालिका के सीएमओ पद का अतिरिक्त प्रभार भी है। इससे पहले दिशा की पोस्टिंग छिंदवाड़ा जिले के चांद और हर्रई नगर परिषद में भी रही है।

## जिलाध्यक्ष निर्वाचन की प्रक्रिया पूरी, नेताओं की खींचतान ने बिगाडी प्रदश भाजपा की गाइडलाइन

भोपाल (आरएनएस)। कैडर बेस और अनुशासन वाली भाजपा की इस संगठनात्मक चुनाव में दिन में तारे देखने को मजबूर होना पड़ा। जिलाध्यक्ष पद के लिए जिस तरह से दिग्गज आपस में टकराए उसने निर्णयकर्ताओं को परेशन कर दिया। आलक यह रहा कि जिलाध्यक्ष पद के लिए दिल्ली ने जो गाइडलाइन तय की थी, वह चकनाचूर हो गई। मजबूरी यहां तक पहुंची कि पार्टी को अपने दो संगठनात्मक जिले बढ़ाने पड़े। गौरतलब है कि मध्यप्रदेश भाजपा के संगठनात्मक चुनाव का पार्टी नेतृत्व ने संगठन पर्व का नाम दिया और उसी आधार पर बूथ कमेटी, मंडलाध्यक्ष के चुनाव भी कराए गए, लेकिन जिलाध्यक्ष पद के निर्वाचन प्रक्रिया तक यह पर्व नेताओं की आपसी टकराहट में तब्दील हो गया। इस कारण पार्टी को अपने 62 संगठनात्मक जिलों के लिए आठ सूचियां जारी करनी पड़ीं। इंदौर के दो जिलाध्यक्ष चुनने के लिए पार्टी ने एक सप्ताह से भी ज्यादा का अलग समय लिया।

## निवेश लागत का 200 प्रतिशत वापस करने का वादा : सीएम

भोपाल (आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपनी जापान यात्रा के तीसरे दिन गत दिवस ओसाका में उद्योगपतियों से संवाद कियाा तो उनके द्वारा उद्योग प्रतिनिधियों को इंटरेक्टिव सत्र में संबोधित किया। उन्होंने निवेशकाकें को आश्वस्त किया कि हम निवेशकों के लिए और भी नीतियां लागू कर सकते हैं, यहां तक कि उनकी निवेश लागत का 200 प्रतिशत तक वापस करने के लिए भी तैयार हैं। सीएम ने कहा कि जापान के उद्योगों के लिए मध्यप्रदेश में निवेश के बेहतर अवसर हैं। अगर उद्योगपति बड़ा मन लेकर आते हैं तो हम उनके सपनों को पंख देने के लिये तत्पर हैं। मध्य्रपदेश ऊर्जा सरप्लस, प्रचुर खनिज संसाधन, क्लीनेस्ट राज्य और देश के दूसरे बड़े शहरों से आवागमन के साधनों से अच्छी तरह कनेक्टेड है, साथ ही राज्य में उद्योग-मित्र नीतियां लागू की गई हैं।

## अवैध शराब बिक्री पर बिफरे मंत्री, कहा नहीं रहेंगे अधिकारी

भोपाल(आरएनएस)। सरकार के लोकनिर्माण मंत्री जबलपुर में अवैध शराब की बिक्री की शिकायत को लेकर इतने नाराज हो गए कि उन्होंने बैठक में पुलिस अधिकारियों से दो टूक कह दिया कि या तो शराब रहेगी या फिर अधिकारी। दरअसल मंत्री सिंह जबलपुर के ग्वारीपाट में अधिकारियों के साथ नर्मदा जयंती की तैयारी का जायजा लेने पहुंचे थे। जहां उन्होंने अधिकारियों के साथ बैठक भी की। उसी दौरान एक व्यक्ति ने अवैध शराब की बिक्री को लेकर मंत्री से शिकायत कर दी। उसने बताया कि गौरी घाट शराब प्रतिबंधित क्षेत्र है, फिर भी यहां धड़ल्ले से शरबा बिकती है। पुलिस को इसकी जानकारी होने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं होती। यह सुनकर मंत्री राकेश सिंह भडक़ गए और उन्होंने अधिकारियों को जमकर फटकार लगाई। मुंत्री ने एसपी संपत उपाध्याय से कहा कि अवैध शराब बंद होनी चाहिए। मंत्री ने चेतावनी भी दी कि अगर पुलिस शराब बिक्री नहीं रोक पाती तो कर्रवाई होगी।

## बोर्ड परीक्षा को लेकर एस्मा लागू, शिक्षक नहीं कर सकेंगे हड़ताल

भोपाल (आरएनएस)। एमपी बोर्ड की परीक्षाओं को देखते हुए प्रदशे सरकार ने एस्मा लागू कर दिया है। इस अवधि में परीक्षाओं में नियुक्त अधिकारी-कर्मचारी और अन्य स्टाफ किसी प्रकार की हड़ताल नहीं कर सकेंगे और न ही छुट्टी ले सकेंगे। राजपत्र में प्रकाशन के बाद राज्यपाल के सचिव गौरव राजपूत द्वारा इस संबंध में आदेश जारी कर दिए गए हैं। गौरतलब है कि एमपी बोर्ड की कक्षा 10वीं और 12वीं की परीक्षाएं 25 फरवरी से शुरु हो रही हैं। ये परीक्षाएं अति आवश्यक सेवा घोषित की गई हैं। इस वजह से परीक्षा की पूरी अवधि में एसेंशियल सर्विस एंड मेंटनेंस (एस्मा) एक्ट लागू रहेगा। इस दौरान शिक्षक छुट्टी नहीं ल सकेंगे और आंदोलन धरना-प्रदर्शन अवधि 15 फरवरी से 15 मई तक रहेगी।

# राजस्व महाभियान 2.0 एवं 3.0 के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाले राजस्व अधिकारी एवं कर्मचारियों का सम्मान समारोह

**लगन एवं तत्परता से झाबुआ ने राजस्व महाअभियान 3.0 ने प्रदेश में 5वां स्थान प्राप्त करने पर प्रसन्नता है एवं पुरी टीम को बधाई- सुश्री निर्मला**

झाबुआ (ए.)। राजस्व महाभियान 2.0 एवं 3.0 के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाले राजस्व अधिकारी एवं कर्मचारियों का सम्मान समारोह कैबिनेट मंत्री महिला एवं बाल विकास विभाग सुश्री निर्मला भूरिया के मुख्य आतिथ्य एवं कलेक्टर नेहा मीना की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। जैसा कि विदित है कि पूरे प्रदेश में 15 नवंबर 2024 से 26 जनवरी 2025 तक राजस्व महाभियान 3.0 संचालित हुआ जिसमें राजस्व विभाग के महत्वपूर्ण कार्य संपादित किए गए। उक्त कार्य को गति प्रदान करने के लिए कलेक्टर महोदय के निर्देशानुसार प्रति सप्ताह विशेष राजस्व समाधान शिविर का आयोजन भी किया गया। जिले को दिए गए लक्ष्य में नामांतरण, बटवारा, सीमांकन, अभिलेख दुरुस्ती व परंपरागत रास्तों के चिंहांकन के 487



प्रकरणों का 100 प्रतिशत निराकरण समय-सीमा मे किया गया। नक्शा तरमीम के 9591, आधार से खसरे की लिंकिंग के 92466, फार्मर रजिस्ट्री के 79480, स्वामित्व योजना के 45 ग्रामों, पीएम किसान ई-केवाईसी के 834, पीएम किसान एनपीसीआई के 1918 का निराकरण किया गया । इस प्रकार शासन द्वारा दिये गए कुल लक्ष्य के अनुरूप 72.49 प्रतिशत कार्य पूर्ण कर प्रदेश में जिले का 5वां स्थान रहा तथा जिले में 60.40 प्रतिशत कार्य पूर्ण करते हुए तहसील रामा प्रथम स्थान पर है। कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर किया गया। कार्यक्रम में अतिथियो का स्वागत जिले के पारंपरिक नृत्य के माध्यम से किया गया। कार्यक्रम में पटवारी शिवकन्या मौर्य एवं हिम्मत सिंह देवलिया ने दोनों ही राजस्व महाअभियान के तहत किये गये कार्यों के बारे में अपने अनुभव अतिथियों के समक्ष रखे गये। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री महिला एवं बाल विकास विभाग सुश्री निर्मला भूरिया ने अपने उद्बोधन में कहा कि टीम वर्क के साथ सारी कठिनाईयों को दूर कर सफलता प्राप्त की जाती है, और इसी लगन एवं तत्परता से झाबुआ ने राजस्व महाअभियान 3.0 ने प्रदेश में 5वां स्थान प्राप्त करने पर प्रसन्नता है एवं पुरी टीम को बधाई। राजस्व की टीम ने समस्त कार्यों को चैलेंज की तरह लेकर लक्ष्य प्राप्त किया है एवं सफलता के हकदार है।

## आबकारी विभाग झाबुआ द्वारा लगातार दूसरे दिन की बड़ी कार्यवाही एक लाख रुपये से अधिक की अवैध शराब जब्त की गई

झाबुआ (ए)। जिले में अवैध मदिरा की बिक्री पर रोकथाम हेतु कलेक्टर नेहा मीना एवं उपायुक्त संभागीय उड़नदस्ता इंदौर मुकेश नेमा द्वारा सतत कार्यवाही हेतु दिये गये



निर्देशों के पालन में मदिरा धारण, परिवहन, चैर्यनयन एवं विक्रय के विरूद्ध जिला आबकारी अधिकारी झाबुआ श्रीमती बसंती भूरिया के निर्देशन में 31 जनवरी 2025 को मुखबिर की सूचना पर आबकारी की संयुक्त टीम द्वारा आबकारी वृत्त झाबुआ अ के ग्राम देवझिरी तहसील व जिला झाबुआ में मुखबिर द्वारा बताये स्थान पर पहुंचे पुराने कच्चे मकान की विधिवत तलाशी लेने पर माउन्ट 6000 सुपर स्ट्रांग बियर कैन कुल 40 पेटी (कुल- 480 बल्क लीटर) विधिवत जप्त कर कब्जे आबकारी लेकर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 एवं संशोधित अधिनियम 2000 की धारा 34(1)(क), 34(2) के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया उक्त कार्यवाही नवीन विधान के तहत विडियोग्राफी व फोटोग्राफी कि गयी। उक्त जप्त मदिरा का अनुमानित बाजार मूल्य राशि रुपये 1,24,800/- है। उक्त कार्यवाही सहायक जिला आबकारी अधिकारी महादेव सोलंकी के मार्गदर्शन में आबकारी उपनिरीक्षक अकलेश सोलंकी द्वारा की गई एवं आबकारी उपनिरीक्षक विकाश वर्मा, रमेश सिसोदिया, प्रेमसिंह परमार एवं आबकारी स्टाफ कान्तु डामोर, मदन राठौड, श्रीराम शर्मा, सोहन नायक, पवन गाड़रिया, विजय चौहान, लालचंद गोहलोद, श्रीमती पुष्पा बारिया, विद्या डामोर, एवं वाहन चालक बहादुर ढाकिया, दिपक भूरिया, दयाल मण्डोडिया का उल्लेखनीय योगदान रहा।

## नए साल की पहली नेशनल लोक अदालत 8 मार्च को

***इस साल होगा 4 नेशनल लोक अदालतों का आयोजन***

ग्वालियर (ए.)। नए साल की पहली नेशनल लोक अदालत का आयोजन 8 मार्च को होगा। कार्यपालिक अध्यक्ष राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली और राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के दिशा-निर्देशानुसार वर्ष 2025 में आयोजित होने वाली 4 नेशनल लोक अदालतों की तिथियाँ निर्धारित कर दी गई हैं। इस साल 08 मार्च, 10 मई, 13 सितंबर और 13 दिसंबर को नेशनल लोक अदालतों का आयोजन किया जायेगा।

## शाजापुर में नवाचार से बच्चों के शैक्षिक विकास में हो रही है वृद्धि



शाजापुर( आरएनएस)। प्रारंभिक शिक्षा नई शिक्षा नीति में महत्वपूर्ण स्तंभ है, इसे देखते हुए शाजापुर कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना द्वारा नवाचार कर शाला पूर्व शिक्षा के लिए जिले की 200 आंगनवाड़ी केन्द्रो में 06 जनवरी 2025 से पायलेट प्रोजेक्ट शुरू कराया गया है। नवाचार का उद्देश्य बच्चों के मस्तिष्क में प्रारंभिक विकास को गति देना है, जिससे वे स्कूल में प्रवेश से पहले ही एक ठोस शैक्षणिक आधार प्राप्त कर सके। नवाचार की सफलता पर कलेक्टर सुश्री बाफना ने 01 अप्रैल 2025 से जिले की सभी 1054 आंगनवाड़ी केन्द्रो में शाला पूर्व शिक्षा देने के लिए अगला कदम उठाया है। कलेक्टर सुश्री बाफना ने बताया कि शाला पूर्व शिक्षा से बच्चों के प्रारंभिक शैक्षणिक विकास में उल्लेखनीय सुधार देखने को मिल रहा है।

## समर्थन मूल्य पर गेहूँ बेचने के लिये किसान भाई 31 मार्च तक करा सकते हैं पंजीयन

**पंजीयन के लिये जिले में 19 केन्द्र शुरू**

ग्वालियर (ए)। समर्थन मूल्य पर गेहूं बेचने के लिये ग्वालियर जिले के किसान भाई 31 मार्च तक अपना पंजीयन करा सकते हैं। सरकार द्वारा वर्ष 2025-26 के लिए गेहूँ का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2425 रूपये घोषित किया गया है, जो पिछले साल से 150 रूपये अधिक है। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने खाद्य विभाग सहित उपार्जन से जुड़े सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि किसानों को पंजीयन के लिये जागरुक करें। साथ ही खरीदी केन्द्रों पर किसानों को पंजीयन कराने में कोई असुविधा न हो। उन्होंने गेहूँ उत्पादक किसान भाईयों से भी अपील की है कि वे समर्थन मूल्य पर गेहूँ बेचने के लिये 31 मार्च तक अपना पंजीयन अवश्य करा लें। प्रभारी जिला आपूर्ति नियंत्रक विपिन श्रीवास्तव ने बताया कि किसानों के पंजीयन के लिये जिले में 19 उपार्जन केन्द्र शुरू हो गए हैं। साथ ही 18 और केन्द्र खोलने की प्रक्रिया प्रचलन में है।

## कलेक्टर श्री मिश्रा ने मनावर में निर्माणाधीन सिविल अस्पताल एवं सीएम राईज स्कूल का किया निरीक्षण

धार (ए. )। कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने शुक्रवार को मनावर अनुभाग का दौरा कर विभिन्न विकास परियोजनाओं की प्रगति का जायजा लिया।यहाँ उन्होंने निर्माणाधीन सीएम राईज स्कूल और सिविल अस्पताल का अवलोकन किया। इसके साथ ही यहाँ की पेयजल व्यवस्था को भी देखा। साथ ही स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्वच्छता सर्वेक्षण की तैयारियों का भी जायजा लिया। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष अजय पाटीदार, सीईओ जिला पंचायत अभिषेक चौधरी, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) मनावर राहुल गुप्ता, तहसीलदार अवास्या, मुख्य नगर पालिका अधिकारी संतोष चौहान उपस्थित रहे। कलेक्टर श्री मिश्रा ने भ्रमण के दौरान कहा कि मनावर शहर बहुत तेजी से बढ़ रहा है। कोशिश रहेगी कि



प्रशासनिक रूप से हम सारी सुविधाएं उपलब्ध करा पाएं,जो मनावर को एक उसके सर्वागीण विकास के लिये जरूरी है। उन्होंने मनावर वासियों से आग्रह किया कि वे आने वाले स्वच्छता सर्वेक्षण में बढ़-चढ़ कर हिस्सा ले।मनावर पिछली बार 3 स्टार शहर रहा है। अब ऐसी तैयारी हो कि और आगे जा सकें।इसमें हमने मशीनों की आवष्यकता का भी पूरा करा देंगे। कलेक्टर श्री मिश्रा ने निर्माणाधीन सिविल अस्पताल और सीएम राईज की प्रगति पर संतोष जाहिर किया। कलेक्टर श्री मिश्रा द्वारा नगर पालिका परिषद मनावर द्वारा संचालित मान नदी बैराज पर स्थित निर्माणाधीन अमृत 2.0 पंडित दिनदयाल उपवन एवं एसबीएम 2.0 ट्रेचिंग ग्राउण्ड के कचरा संग्रहण एवं निपटान केंद्रो का भी निरीक्षण किया तथा निरीक्षण के दौरान आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि पंडित दिनदयाल उपवन पर वॉटर फाउन्टेन, कुर्सीयों, लाईटस,झूले आदि की निकाय द्वारा एवं जनभागीदारी के सहयोग से व्यवस्था की जाए। निकाय में जलकर की वसुली की दरों में वृद्धि करने हेतु निर्देशित किया गया। जिससे की मान नदी बैराज पर स्थित डब्ल्यूटीपी प्लांट का मेनटेनेंस खर्च निकाय को प्राप्त हो सके। साथ ही ट्रेचिंग ग्राउण्ड पर कचरा निपटान हेतु फटका (बेलन) मशीन की आवश्यकता जताई गई है।

## विविध-समाचार

### सावेर में छात्रा का चाकू से गला रेता, आरोपी फरार

इंदौर,(आरएनएस)। सांवेर में एक बदमाश ने युवती का गला रेत दिया। बताया जा रहा है कि आरोपी पीछे से आया और अचानक चाकू से हमला कर दिया। वारदात के बाद वह बैग छोडक़र फरार हो गया। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है, जबकि घायल युवती को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के अनुसार घटना सांवेर के वार्ड 12 की है, जहां पायल पुत्री संजय पर अमन शेख नामक युवक ने हमला किया। मौके से मिले बैग में अमन के नाम की किताब बरामद हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, पायल चंद्रावतीगांज की रहने वाली है और कुछ दिनों से अपने मामा के घर आई हुई थी। घटना के समय वह घर के बाहर खड़ी थी, तभी आरोपी ने चेहरे, हाथ और गले पर चार से अधिक वार किए आर भाग गया। अमन शेख मकोडिया गांव का निवासी बताया जा रहा है। सूत्रों के अनुसार पायल ओर अमन एक ही कॉलेज में पढ़ते थे, जहां किसी बात को लेकर विवाद हुआ। इसी कारण युवती अपने मामा के घर रहने आई थी। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है, जबकि युवती की हालत गंभीर बनी हुई है।

### अशोकनगर में जिला अस्पताल में पलंग पर चढ़ गया सांड

अशोकनगर,(आरएनएस)। जिला अस्पताल के मदर वार्ड में सांड के घुसने के मामले में दो चौकीदारों को हटा दिया गया है। इसके साथ ही सुरक्षा एजेंसी को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है। गत दिवस रात आठ बजे काला सांड मदर वार्ड में घुस गया था। इसे देखते ही प्रसूता महिलाएं ओर उनके स्वजन पलंग छोडक़र भाग खड़े हुए। इसके बाद सांड पलंग पर चढ़ गया। मरीज के स्वजन ने पहले वाइपर से सांड को भगाने की कोशिश की तो वह उतरकर वापस दूसरे पलंग पर चढ़ गया, जहां एक नवजात सो रहा था। दरअसल, इस वार्ड में दस पलंग हैं, जिनमें से पांच पर प्रसूता महिलाएं व नवजात भर्ती रहते हैं। सांड को देखते ही यदि प्रसूताएं अपने नवजात को लेकर पंलग से नहीं भागती तो बड़ा हादसा हो सकता था।

### अब उज्जैन में भीड़ प्रबंधन पर हो रहा ध्यान केंद्रित

उज्जैन,(आरएनएस)। प्रयागराज हादसे के बाद मध्यप्रदेश की सरकारी मशीनरी का ध्यान उज्जैन में भीड़ प्रबंधन पर केंद्रित हो गया है। सक्रिय उपायों की योजना बनाकर उन्हें लागू कराने के लिए प्रदेश के अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा उज्जैन आ रहे हैं। वे दो ओर तीन फरवरी को स्थानीय अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। सिंहस्थ-2028 के प्रचलित एवं प्रस्तावित कार्यों की समीक्षा करेंगे। संभव हुआ तो स्थल निरीक्षण भी करेंगे। उज्जैन भगवान महाकाल की नगरी है, जहां बारह मास तीज-त्यौहार, उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाए जाते हैं। हर 12 वर्ष के अंतराल के बाद यहां महाकुंभ सिंहस्थ का आयोजन होता है। इसमें करोड़ों साधु-संत और श्रद्धालु मोक्ष की कामना से शिप्रा नदी मे स्नान करने आते हें। सिंहस्थ 2028 में होगा।

## व्यापार समाचार

# एनर्जाइज़ इंडिया कॉन्क्लेव में अविन्या 25 और वसुधा स्टार्टअप चैलेंज के विजेताओं की घोषणा

नई दिल्ली ( आरएनएस)। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने आज ओएनजीसी मुख्यालय में आयोजित एक विशेष समारोह में दो प्रतिष्ठित स्टार्टअप चुनौतियों-अविन्या 25 और वसुधा-के विजेताओं की घोषणा की। यह घोषणा 'एनर्जाइज़ इंडिया कैटेलाइजिंग ग्रोथ थ्रू स्टार्टअप इनोवेशन के समापन पर की गई, जो एक उच्च-स्तरीय सम्मेलन था, जिसमें ऊर्जा क्षेत्र के दिग्गज, निवेशक और नवप्रवर्तक एक साथ आए थे। भारत की प्रमुख ऊर्जा स्टार्टअप प्रतियोगिता, अविन्या 25 के विजेता उर्जानोवासी प्राइवेट लिमिटेड थे।

उपविजेता ब्रीथ ईएसजी प्राइवेट लिमिटेड, एग्रीविजय, एपीरो एनर्जी और यूग्रीन टेक्नोलॉजी थे। अपस्ट्रीम तेल एवं गैस क्षेत्र में वैश्विक स्टार्टअप चैलेंज, वसुधा के लिए विजेता लैटिन एनर्जी पार्टनर्स आई.एन.सी., पैराग्वे था तथा उपविजेता अल्ट्रासाउंड प्रोसेस कंसल्टिंग एलएलसी, यूएसए था। ये विजेता स्टार्टअप अत्यधिक प्रतिस्पर्धी क्षेत्र से उभरे हैं। अविन्या 25 को पूरे भारत से 173 आवेदन प्राप्त हुए, जबकि वसुधा ने भूकंपीय डेटा व्याख्या, एआई अनुप्रयोगों और कार्बन कैप्चर प्रौद्योगिकियों सहित महत्वपूर्ण क्षेत्रों में वैश्विक भागीदारी को आकर्षित किया था। इसके साथ ही, हैकाथॉन के विजेताओं की भी घोषणा की गई, जिसमें आईआईटी (आईएसएम) धनबाद विजेता और आईआईटी-गुवाहाटी उपविजेता रहे। इस अवसर पर अपने संबोधन में मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने 547.35 करोड़ रुपए के स्टार्टअप फंड के माध्यम से नवाचार को बढ़ावा देने में पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के तहत सार्वजनिक उपक्रमों की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। 286.36 करोड़ रुपए के साथ 303 स्टार्टअप का समर्थन करते हुए, ये प्रयास भारत के 110 से अधिक यूनिकॉर्न के जीवंत पारिस्थितिकी तंत्र को आगे बढ़ाते हैं, तथा परिवर्तनकारी विकास और रोजगार के अवसर उत्पन्न करते हैं। ऊर्जा आपूर्ति स्रोतों के विविधीकरण पर बोलते हुए, पुरी ने कहा कि भारत पहले ही इस रास्ते पर चल पड़ा है। उन्होंने कहा, पहले हम 27 देशों से आयात करते थे; अब हम 39 देशों से आयात कर रहे हैं और कुछ और देशों के साथ बातचीत चल रही है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि विविधीकरण व्यापक भौगोलिक विस्तार सुनिश्चित करके रणनीतिक लाभ प्रदान करता है। उन्होंने कहा, हमारे आयात मौलिक, स्व-स्पष्ट सिद्धांतों द्वारा निर्देशित होते हैं हम जहाँ भी सही कीमत पर ऊर्जा उपलब्ध होगी, वहाँ से ऊर्जा प्राप्त करेंगे। 20 प्रतिशत इथेनॉल मिश्रण प्राप्त करने के लक्ष्य के बारे में पुरी ने बताया कि भारत पहले ही 19 प्रतिशत मिश्रण तक पहुँच चुका है। निर्धारित समय से पहले लक्ष्य को पार करने का विश्वास व्यक्त करते हुए, उन्होंने बताया कि 20 प्रतिशत मिश्रण से आगे की योजना विकसित करने पर चर्चा शुरू हो गई है। दिनभर चलने वाले 'एनर्जाइज़ इंडिया' कॉन्क्लेव में ऊर्जा क्षेत्र में अवसरों की पहचान करने, उभरती हुई तकनीकों का लाभ उठाने और ऊर्जा स्टार्टअप के लिए पूँजी तक पहुँचने पर विचारोत्तेजक पैनल चर्चाएँ हुईं। उद्योग जगत के नेताओं ने इस बारे में जानकारी साझा की कि स्टार्टअप्स किस तरह सुरक्षा, पहुँच, सामर्थ्य और स्थिरता के बीच नाजुक संतुलन बनाए रखते हुए भारत के ऊर्जा परिवर्तन में योगदान दे सकते हैं। इपैनल चर्चा में बोलते हुए पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के सचिव पंकज जैन ने कहा, अगले 25 वर्षों तक भारत में जीवाश्म ईंधन कहीं नहीं जाएगा। हमारे पास अन्वेषण के लिए निर्धारित हमारे खुले पानी पर भूकंपीय डेटा के कई टेराबाइट्स हैं। मैं हमारे प्रतिभाशाली लोगों से आग्रह करता हूँ कि वे डेटा के माध्यम से खनन के लिए समाधान विकसित करने के बारे में सोचें और हाइड्रोकार्बन अन्वेषण प्रयासों में योगदान दें। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय के सचिव एससीएल दास ने पंकज जैन के साथ पैनल चर्चा के दौरान कहा, हम एक ऐसी प्रणाली विकसित करने का प्रयास कर रहे हैं, जिसके तहत हम विभिन्न स्टार्टअप्स के परिपक्वता स्तर का आकलन कर सकें, ताकि मंत्रालय अन्य केंद्रीय मंत्रालयों, राज्य सरकारों और स्थानीय सरकारों के साथ मिलकर नियामक अनुपालन या पूँजी तक पहुँच के संदर्भ में उनकी जरूरतों को पूरा कर सके।

## यूपीआई ने बदले नियम, 1 फरवरी से ब्लॉक हो सकता हैं ट्रांजेक्शन

नई दिल्ली (ए)। ई-रिक्शा से लेकर मेट्रो ट्रेन और सब्जी की दुकानों तक पेमेंट के लिए अब यूपीआई प्रमुख विकल्प बन गया है। यूपीआई ने डिजिटल ट्रांजेक्शन को आसान और सुरक्षित बनाने के लिए नियमों




में एक बड़ा बदलाव किया है। भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) 1 फरवरी से ऐसे ट्रांजेक्शन को ब्लॉक करने जा रही है जो यूपीआई आईडी में स्पेशल कैरेक्टर का इस्तेमाल करते हैं। एनपीसीआई ने इसके बारे में सर्कुलर जारी करके जानकारी दी है कि 1 फरवरी से स्पेशल कैरेक्टर्स से बनी आईडी वाले ट्रांजेक्शन एक्सेप्ट नहीं किए जाएंगे। यूजर्स केवल अल्फान्यूमेरिक कैरेक्टर्स से बनी आईडी के माध्यम से ही पेमेंट कर सकते हैं। यदि आप भी किसी ऐसे यूपीआई ऐप का उपयोग कर रहे हैं, जो ट्रांजेक्शन आईडी में स्पेशल कैरेक्टर्स का उपयोग करता है, तो ट्रांजेक्शन को सेंट्रल सिस्टम द्वारा रिजेक्ट कर दिया जाएगा। भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम यूपीआई ट्रांजेक्शन आईडी जनरेशन प्रक्रिया को मानकीकृत करना चाहता है और इसी कारण सभी पेमेंट इकोसिस्टम प्लेयर्स से केवल 'अल्फान्यूमेरिक' कैरेक्टर्स का उपयोग करने की अपील की है।

वहीं दूसरी ट्रांजेक्शन आईडी मान्य है क्योंकि इसमें केवल अक्षर और संख्याएं शामिल हैं।

## शेयर बाजार बढ़त के साथ बंद

**सेंसेक्स 740, निफ्टी 258 अंक ऊपर आया**

मुम्बई (ए)। भारतीय शेयर बाजार शुक्रवार को बढ़त के साथ बंद हुआ। सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिन बाजार में ये उछाल दुनिया भर के बाजारों से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही खरीदारी हावी रहने से आया है। आर्थिक सर्वेक्षण के कारण भी आज बाजार में उत्साह का माहौल रहा। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 740.76 अंक करीब 0.97 फीसदी बढ़कर 77,500.57 पर पहुंच गया। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 258.90 अंक तकरीबन 1.11 फीसदी ऊपर आकर 23,508.40 पर बंद हुआ। आज कारोबार के दौरान कुल 2,635 शेयर हरे निशान में रहे जबकि 1,131 शेयर लाल निशान पर रहे 120 शेयरों में कोई बदलाव नहीं हुआ।

निफ्टी पर टाटा कंज्यूमर, ट्रेंट, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, नेस्ले इंडिया और एलएंडटी के शेयरों में तेजी रही जबकि भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, बजाज फिनसर्व, अपोलो हॉस्पिटल्स और जेएसडब्ल्यू स्टील के शेयरों में गिरावट रही। आज कारोबार के दौरान सभी सेक्टोरल इंडेक्स लाभ के साथ ही हरे निशान में बंद हुए। कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, ऑयल एंड गैस, पावर, पीएसयू, रियल्टी और एफएमसीजी 2 फीसदी तक उछले जबकि कैपिटल गुड्स इंडेक्स



लगभग 4 फीसदी ऊपर आया।आर्थिक सर्वेक्षण के अनुसार, भारत की जीडीपी वृद्धि 2025-26 में 6.3-6.8 फीसदी रहने की संभावना है।30 शेयरों वाले ब्लू-चिप पैक में, लार्सन एंड टुब्रो 4.31 फीसदी बढ़ा, क्योंकि इंफ्रास्ट्रक्चर और इंजीनियरिंग क्षेत्र की इस प्रमुख कंपनी ने दिसंबर तिमाही में अपने समेकित शुद्ध लाभ में 14 फीसही की वृद्धि दर्ज की, जो 3,359 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। नेस्ले 4.25 फीसदी बढ़ा क्योंकि एफएमसीजी प्रमुख ने 31 दिसंबर, 2024 को समाप्त तिमाही में शुद्ध लाभ में 4.94 फीसदी की वृद्धि दर्ज की, जो 688.01 करोड़ रुपये रहा। अन्य प्रमुख बढ़त हासिल करने वाले शेयरों में इंडसइंड बैंक, टाइटन, टाटा मोटर्स, टाटा स्टील, आईटीसी और मारुति शामिल थे।

## टाटा टेक्नोलॉजीज पर साइबर अटैक, कुछ देर सस्पेंड होने के बाद रिस्टोर हुई सर्विस; कंपनी के IT असेट्स प्रभावित

नई दिल्ली (आरएनएस)। टाटा टेक्नोलॉजीज पर साइबर अटैक की खबर सामने आ रही है। कंपनी ने इसे देखते हुए अपनी सभी IT सर्विस को सस्पेंड करने का फैसला किया था। हालांकि, अब कंपनी ने इसे पूरी तरह से रिस्टोर कर दिया है। टाटा टेक्नोलॉजीज ने कंफर्म किया है कि यह एक रेनसमवेयर अटैक है, जिसकी वजह से कंपनी के कई आईटी असेट्स प्रभावित हुए हैं। कंपनी ने एहतियात बरतते हुए अपनी सभी आईटी सर्विस को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया था।एक रिपोर्ट के मुताबिक, टाटा टेक्नोलॉजीज ने एहतियात बरतते हुए अपनी आईटी सर्विसेज को सस्पेंड करने का फैसला किया था। कंपनी ने कहा कि हमारी कुछ आईटी सर्विसेज को कुछ समय के लिए सस्पेंड किया गया था, जिसे अब रिस्टोर कर दिया गया है। वहीं, हमारी क्लाइंट डिलीवरी सर्विस पूरी तरह से फंक्शनल है और इस अटैक से प्रभावित नहीं हुई है।टाटा टेक्नोलॉजी ने बताया कि हम फिलहाल इस मामले की जांच कर रहे हैं। इसके लिए एक्सपर्ट्स इसकी मुख्य वजह का पता लगा रहे हैं। इसके बाद जरूरत पड़ने पर रिमिडियल एक्शन लिया जाएगा। हम सुरक्षा और डेटा सुरक्षा के उच्चतम मानकों के प्रति प्रतिबद्ध हैं और किसी भी संभावित जोखिम को कम करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठा रहे हैं।

## एआई की दुनिया में भारत का बड़ा ऐलान, डीपसीक और चेटजीपीटी को दी जाएगी टक्कर

नई दिल्ली ( आरएनएस)। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने भी माइक्रोब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म पर अब इस बात का ऐलान कर दिया है कि भारत भी अपने जेनरेटिव एआई मॉडल को लेकर आएगा। भारत नए एआई मॉडल को तैयार करने की दिशा में काम करने में जुटा है।

अश्विनी वैष्णव ने इस बात की जानकारी उत्कर्ष ओडिशा कॉन्क्लेव के दौरान दी है। अगर भारत सरकार का जेनरेटिव एआई मॉडल आता है तो इसकी सीधी टक्कर चीनी कंपनी डीपसीक के एआई मॉडल और OpenAI द्वारा तैयार किए गए चैटजीपीटी से हो सकती है। सरकार की इस एआई पहल को इंडिया एआई कंप्यूट फैसिलिटी द्वारा चलाया जाएगा। इस फैसिलिटी ने देश की जरूरतों और लार्ज लैंग्वेज मॉडल के डेवलपमेंट के लिए 18000 जीपीयू को हासिल किया है। ओडिशा में एक कार्यक्रम के दौरान अश्विनी वैष्णव ने वर्ल्ड क्लास सेमी कंडक्टर और एआई इकोसिस्टम को डेवलप करने की प्लानिंग के बारे में बताया है। सरकार एआई की दिशा में एक अहम कदम उठाने जा रही है और इस काम के लिए रिसर्च में निवेश किया जा रहा है। निवेश करने के पीछे का मकसद विदेशी एआई मॉडल पर लोगों की निर्भरता को कम करना है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि कम से कम 6 डेवलपर्स, स्टार्टअप और टीम अगले चार से 10 महीनों में इस एआई मॉडल को बनाने की दिशा में काम को शुरू कर सकती है।बता दें कि OpenAI ने 2022 में एआई मॉडल ChatGPT को लॉन्च किया था जिसके बाद बहुत सी कंपनियां इस रेस में शामिल हो गई हैं। अब हाल ही में चीनी कंपनी डीप सीक ने बहुत ही कम लागत में एक ऐसा एआई मॉडल तैयार कर लिया है जिसने हर तरफ धमाल मचा दिया है।

## केंद्र सरकार ने मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में एमएसएमई को आगे बढ़ने के लिए नई स्कीम को दी मंजूरी

नई दिल्ली( आरएनएस)। केंद्र सरकार ने मैन्युफैक्चरिंग एमएसएमई (एमसीजीएस-एमएसएमई) के लिए म्यूचुअल क्रेडिट गारंटी योजना को मंजूरी दे दी है। इस योजना के तहत पात्र फर्मों को प्लांट और मशीनरी या उपकरण की खरीद के लिए 100 करोड़ रुपये तक के लोन की सुविधा प्रदान की जाएगी।

वित्त मंत्रालय ने कहा कि यह योजना उपकरण या मशीनरी की खरीद के लिए एमसीजीएस-एमएसएमई के तहत पात्र एमएसएमई को स्वीकृत 100 करोड़ रुपये तक की क्रेडिट सुविधा के लिए, सदस्य ऋण संस्थानों (एमएलआई) को राष्ट्रीय क्रेडिट गारंटी ट्रस्टी कंपनी लिमिटेड (एनसीजीटीसी) द्वारा 60 प्रतिशत गारंटी कवरेज प्रदान करेगी।

योजना के अनुसार, उधार लेने वाली संस्था वैध उद्यम पंजीकरण संख्या के साथ एक एमएसएमई होना चाहिए और ऋण राशि 100 करोड़ रुपये से अधिक नहीं होनी चाहिए। उधार लेने वाली संस्था की परियोजना लागत योजना में तय राशि से भी अधिक हो सकती है और उपकरण या मशीनरी की न्यूनतम लागत परियोजना लागत का 75 प्रतिशत होनी चाहिए। स्कीम के अनुसार, योजना के तहत 50 करोड़ रुपये तक के ऋण की पुनर्भुगतान अवधि 8 वर्ष तक होगी और मूल किस्तों पर 2 वर्ष तक का मोरेटोरियम पीरियड होगा। 50 करोड़ रुपये से अधिक के ऋण के लिए पुनर्भुगतान की अधिक अवधि और मूल किस्तों पर अधिक मोरेटोरियम पीरियड पर विचार किया जा सकता है।मंत्रालय के अनुसार, ऑपरेशनल गाइडलाइन जारी होने से चार साल की अवधि तक या संचयी रूप से 7 लाख करोड़ रुपये की गारंटी जारी होने, दोनों में से जो भी पहले हो, स्कीम जारी रहेगी। यह स्कीम एमसीजीएस-एमएसएमई के तहत स्वीकृत सभी ऋणों पर लागू होगी। मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर वर्तमान में देश की जीडीपी का 17 प्रतिशत है और इस सेक्टर में 2.7 करोड़ से अधिक लोग काम करते हैं।

# सम्पादकीय

**अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य**

## तेजस्वी यादव चलाएंगे पार्टी

राष्ट्रीय जनता दल (राजद) की कमान अब पूरी तरह तेजस्वी यादव के कंधों पर होगी। पार्टी की राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक में यह तय हुआ कि तेजस्वी यादव पार्टी चलाएंगे। हालांकि राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर लालू प्रसाद यादव ही बने रहेंगे, लेकिन अब पार्टी की बागडोर तेजस्वी यादव के हाथों में होगी। चुनाव में उम्मीदवारों को सिंबल देने का अधिकार भी अब तेजस्वी के पास होगा, जो पहले राष्ट्रीय अध्यक्ष के पास होता था। लाजिमी है कि एक तरफ पार्टी में तेजस्वी युग का आगाज हो गया तो दूसरी ओर लालू परिवार में भी सियासत' शुरू होने की आशंका है। क्योंकि मीसा यादव और राहिणी भी राजनीति में सक्रिय हैं, जबकि तेजप्रताप भी मां राबड़ी के ज्यादा करीब हैं और अपने बयान के जरिये सुर्खियों में रहते हैं। गौरतलब है कि पिछले कुछ वर्षो से तेजस्वी ही पार्टी का कामकाज देख रहे थे, लेकिन चुनाव के समय लालू यादव की भूमिका महत्त्वपूर्ण हो जाती थी।अब यह जिम्मेदारी भी तेजस्वी के कंधों पर होगी। तेजस्वी युवा हैं और पिछले विधानसभा चुनाव के अलावा इस बार के लोक सभा चुनाव में उनकी मेहनत का हर कोई कायल रहा। हालांकि उनकी मेहनत चुनाव परिणाम में परिलक्षित नहीं हुई, मगर उन पर जनता और पार्टी का भरोसा पूरी मजबूती के साथ है; यह जरूर दिखा। खास बात यह है कि तेजस्वी काफी ऊर्जावान हैं और पिता लालू प्रसाद से उन्होंने काफी कुछ सीखा है। बाकी परिवार के सदस्यों की बात करें तो मीसा इस बार भले पाटलिपुत्र से सांसद बनी मगर बिहार की राजनीति को समग्रता से समझने का काम तेजस्वी के अलावा न तो रोहिणी ने किया और न तेजप्रताप ने। हां, राबड़ी देवी की भूमिका भी अब पार्टी में काफी सीमित हो गई है। स्वाभाविक है, लालू ने दांव तेजस्वी पर चला है और एक तरह से अध्यक्ष का पद अपने पास रखकर यह संदेश भी देने की कोशिश की है कि तेजस्वी के कामकाज पर उनकी नजर रहेगी। इस बात में कोई शक नहीं कि युवा तबके में तेजस्वी की स्वीकार्यता है। साथ ही यादव मतदाता और मुस्लिम समुदाय भी पार्टी का सबसे मजबूत वोट बैंक माना जाता रहा है। राज्य में सत्तारूढ़ जद (यू)-भाजपा की सरकार की खामियों को सामने लाना उनके लिए सबसे कठिन होगा। हां, अगर वो नीतीश सरकार की नाक में दम करेंगे तो हो सकता है, अगली सरकार के मुखिया वही होंगे।

# बजट ऐतिहासिक होने की उम्मीद

**अजीत द्विवेदी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल का पहला पूर्ण बजट एक फरवरी को पेश होगा। मोदी सरकार के पहले यानी 2014 के बजट के बाद संभवत: यह पहला बजट है, जिसको लेकर इतनी चर्चा हो रही है।

यह चर्चा इसलिए हो रही है क्योंकि मोदी को तीसरा ऐतिहासिक कार्यकाल मिला है। इसलिए कई आर्थिक जानकार यह उम्मीद कर रहे हैं कि बजट भी ऐतिहासिक होगा।

कुछ जानकारों को लग रहा है कि यह पी चिदंबरम के 1997 के ड्रीम बजट जैसा हो सकता है तो कुछ जानकार 1991 के मनमोहन सिंह के आर्थिक उदारीकरण की शुरुआत करने वाले बजट जैसा होने की उम्मीद कर रहे हैं।

उनको लग रहा है कि इस बार बजट में वो सारे आर्थिक सुधार दिख सकते हैं, जिनकी पिछले कई बरसों से सिर्फ चर्चा हो रही है।

गौरतलब है कि कोरोना महामारी से पहले ही आर्थिकी में सुस्ती का दौर शुरू हो गया था और उसी समय सभी कठोर आर्थिक सुधार रोक दिए गए थे। सो, इस बार सुधारों की उम्मीद की जा रही है।

दूसरी ओर एक वर्ग ऐसा है, जिसका मानना है कि इस बार लोकसभा चुनाव में पहली बार प्रधानमंत्री मोदी को देश की जनता ने झटका दिया है और उनकी सीटें कम करके उनको बहुमत से नीचे ला दिया है।

इसलिए इस बार का बजट आम नागरिकों के हितों को ध्यान में रखने वाला होगा। यह समूह उम्मीद कर रहा है कि सामाजिक विकास की योजनाओं की फंडिंग में होने वाली कटौती थमेगी और इस बार उनमें आवंटन बढ़ाया जा सकता है।

एक तीसरा समूह ऐसा है, जो लोकसभा चुनाव के नतीजों के आधार पर ही यह अनुमान भी लगाया रहा है कि सरकार मध्य वर्ग की आकांक्षा का भी ध्यान रखेगी और इस बार मध्य वर्ग के लिए भी खास प्रावधान किए जाएंगे।

इनमें आयकर स्लैब में बदलाव करके आयकर से छूट देने की सबसे ज्यादा चर्चा है। आर्थिक जानकार 10 लाख से लेकर 15 लाख रुपए तक आय को कर से छूट देने की उम्मीद जता रहे हैं। कर के स्लैब कम करने की भी संभावना जताई जा रही है।

एक चौथा वर्ग है, जिसको लग रहा है कि जलवायु परिवर्तन भी सरकार का सरोकार होगा और भले अमेरिका में सत्ता में आने के बाद डोनाल्ड ट्रंप ने जलवायु परिवर्तन के खतरे को खारिज करते हुए अमेरिका को पेरिस समझौते से बाहर कर दिया है लेकिन भारत ऐसा नहीं कर सकता है।इस समूह की उम्मीद है कि इस बार केंद्र सरकार हरित और टिकाऊ विकास की अवधारणा को केंद्र में रख कर बजट तैयार करेगी,




जिसमें जलवायु अनुकूल फैसले होंगे। एक पांचवां वर्ग ऐसा है, जो कृषि और किसानों के हितों पर केंद्रित बजट की उम्मीद कर रहा है। कृषि मामलों के जानकार चाहते हैं कि सरकार खाद व बीज पर सब्सिडी की नीति बदले और साथ ही किसानों को सम्मान निधि के रूप में पांच सौ रुपया महीना देने की नीति को भी छोड़े। उनका कहना है कि सरकार को किसानों की न्यूनतम आय सुनिश्चित करने का कोई कानून लाना चाहिए। जैसे सरकार अपने कर्मचारियों के लिए वेतन आयोग लाती है और साल में दो बार महंगाई भत्ता बढ़ाती है वैसे ही किसान की आय भी सुनिश्चित करनी चाहिए। इनके अलावा उद्योग व कारोबार जगत की अपनी उम्मीदें हैं। कर छूट से लेकर कारोबार सुगमता तक उनकी विशलिस्ट भी लंबी है कुल मिला कर हर समूह बजट में अपने लिए कुछ न कुछ मिलने की उम्मीद कर रहा है। यह देखना दिलचस्प होगा कि सरकार कठोर सुधारों की दिशा में बढ़ती है या लोक लुभावन बजट लाकर सभी समूहों को खुश करने का प्रयास करती है? ध्यान रहे बजट के तुरंत बाद दिल्ली विधानसभा का चुनाव है और उसके बाद कभी भी बिहार विधानसभा का चुनाव हो सकता है। इसलिए सरकार बहुत कठोर आर्थिक सुधार की पहल करती है या नहीं, यह देखने वाली बात होगी। बहरहाल, इस साल के बजट को लेकर एक चीज पर सबकी सहमति है और वह ये है कि सरकार बुनियादी ढांचे के विकास को प्राथमिकता देगी। एक सर्वे रिपोर्ट के मुताबिक 75 फीसदी से ज्यादा लोगों ने माना है कि सरकार बुनियादी ढांचे के विकास पर ध्यान देगी और उस सेक्टर में आवंटन बढ़ाया जाएगा।

ऐसा मानने की वजह ये है कि पिछले कई बजट से सरकार हर बार बहुत बड़ा पूंजीगत खर्च करने की घोषणा करती है और वह बुनियादी ढांचे के सेक्टर में ही जाता है।

असल में भारत की आर्थिकी की गाड़ी मोटे तौर पर उसी खर्च से चल रही है। भारत में निजी पूंजी निवेश बहुत कम है और विदेशी निवेश भी उम्मीद के अनुरूप नहीं आ पा रहा है।

तभी केंद्र सरकार के निवेश से आर्थिकी की गाड़ी चल रही है। इसी से बाजार में पैसा आ रहा है और इसी से रोजगार के अवसर भी बन रहे हैं।हालांकि गुणवत्तापूर्ण रोजगार नहीं मिल रहा है और पूंजी का एकत्रीकरण चुनिंदा हाथों में हो रहा है फिर भी आर्थिकी की गाड़ी चलाए रखने के लिए यह जरूरी है।बुनियादी ढांचे के विकास के बाद विनिर्माण सेक्टर को बढ़ावा देने पर सरकार का फोकस हो सकता है। साथ ही पिछले कुछ समय से सरकार ने सेमीकंडकर सेक्टर की पहचान की है, जिसकी चर्चा से मध्य वर्ग की आंखों में चमक आ रही है। सो, कहा जा रहा है कि उस सेक्टर में निवेश और विकास की बातें बजट में होंगी। सोशल सेक्टर यानी सामाजिक विकास के क्षेत्र में बजट आवंटन घटाते जाने की प्रक्रिया थमने और उसमें सुधार की उम्मीद इस बार के बजट से इसलिए है क्योंकि इस बार लोकसभा चुनाव में विपक्ष की एकजुटता से सरकार को बड़ा झटका लगा। विपक्ष ने पिछड़े, दलित, वंचित, अल्पसंख्यक को एकजुट करने का दांव चला था और इसके लिए संविधान और आरक्षण का मुद्दा बनाया गया था।लेकिन सतह के नीचे कहीं न कहीं इन वर्गों की आर्थिक स्थिति ने भी सरकार के खिलाफ माहौल बनाने में एक भूमिका निभाई। तभी सोशल सेक्टर में सरकार आवंटन बढ़ा सकती है। इस सेक्टर में आवंटन कैसे कम हुआ है इसे आंकड़ों के आधार पर समझा जा सकता है। वित्त वर्ष 2018 में स्वास्थ्य के क्षेत्र में सरकार का आंवटन बजट का 2.47 फीसदी था, जबकि पिछले साल यानी वित्त वर्ष 2024-2025 में सिर्फ 1.85 फीसदी आवंटन था। उससे पहले के दो साल तो यह और भी कम रहा था। ऐसे ही ग्रामीण विकास में, जहां 2018 में बजट का 6.3 फीसदी आवंटित हुआ था वहां 2024-2025 में 5.51 फीसदी आवंटित हुआ। उच्च शिक्षा में जो आवंटन 1.57 फीसदी था वह छह साल के बाद 0.99 फीसदी तक नीचे आ गया और स्कूली शिक्षा का आवंटन 2.16 फीसदी से घट कर 1.51 फीसदी रह गया है। ऐसे ही समाज कल्याण का आवंटन 1.75 फीसदी से घट कर 1.17 फीसदी रह गया है। कोरोना के समय जिस महात्मा गांधी नरेगा ने करोड़ों लोगों के रोजगार और भोजन की समस्या हल की थी उस पर पिछले बजट में आवंटन महज 86 हजार करोड़ रुपए का था, जो पिछले 10 साल का सबसे कम था। मनरेगा से लेकर पोषण तक की अनेक योजनाओं में कटौती हुई थी। इस बार के बजट में इसमें बदलाव आने की संभावना जताई जा रही है।




भारतीय युवा कांग्रेस (आईवाईसी) के अध्यक्ष उदय भान ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ अरविंद केजरीवाल के आवास के बाहर विरोध प्रदर्शन किया और उन्हें अपने वादे के अनुसार प्रदूषित यमुना में डुबकी लगाने की चुनौती दी।

# सर्विस टाइम में किया भ्रष्टाचार, रिटायरमेंट बाद जिंदगी लाचार

**एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र**

गोंदिया - वर्ष 1957 में प्रदर्शित फिल्म चंडीपूजा का रामचंद्र नारायणजी द्विवेदी उर्फ कवि प्रदीप द्वारा लिखा गीत, कोई लाख करे चतुराई कर्म का लेख मिटे ना रे भाई, जरा समझो इसकी सच्चाई रे, कर्म का लेख मिटे ना रे भाई यह गीत आज हर शासकीय कर्मचारी, युवा वर्ग और भ्रष्टाचार रूपी मीठी मिठाई खाने वालों को जरूर सुनना चाहिए, क्योंकि भ्रष्टाचार एक ऐसा बीज़ है, जो हमेशा उसे बोने के लिए ललचाता है, खुद हर किसी के शरीर में जाकर पनपने को लालायित रहता है ताकि अपनी जड़ें जमा कर अपने शिकार को वर्तमान सहित उसके रिटायरमेंट के बाद अधिक सुविधा और शुद्धता से अपना निवाला बना सके!उसकी जिंदगी नर्क करे। परंतु हम मनीषजीव उसकी इस चाल को समझ नहीं पाते और आधुनिक सुख-सुविधाओं, अपने क्षमताओं से अधिक सुख भोगने, समाज में दिखावा करके, एंजॉयमेंट रसों लोगों का स्वाद चखने, अपनीं अपनीं जिंदगी जरूरत से अधिक सुगम बनाने के लिए भ्रष्टाचार रूपी खतरनाक बीज के झांसे में आकर उसे अपनाते है अपने शरीर में उससे खरीदी वस्तुओं का उपभोग कर अपने खून में उसे घोलतें है, जिससे उस बीज को शरीर में फलने फूलने का आश्रय और विकास करने की क्षमता प्रदान करतें है, जिसका भुगतान भ्रष्टाचारी को खुद और अपने परिवार सहित अपने कुल को चक्रवर्ती ब्याज सहित भुगतान करना पड़ता है,जिसे हम सब अपने आसपास और समाज में देखते भी हैं कि किस तरह ऐसे लोग हमेशा विवादों में तकलीफों में बीमारियों के घेरे में रहते हैं, उनके परिवार हमेशा विपत्तियों के घेरे में रहते हैं और उम्र के अंतिम पड़ाव में नोटों के पहाड़ डहने लगते हैं जिसका उदाहरण हम तीन दिन पूर्व ही प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोमवार को जानकारी दी कि उसने मध्य प्रदेश परिवहन विभाग के सेवानिवृत्त कांस्टेबल सौरभ शर्मा और अन्य से जुड़े बैंक खातों में 30 लाख रुपये की शेष राशि को फ्रीज कर दिया है। इसके अलावा, एजेंसी ने 12 लाख रुपये की अघोषित नकदी, 9.9 किलोग्राम चांदी (जिसकी कीमत लगभग 9.17 लाख रुपये है), डिजिटल उपकरण और संपत्ति से जुड़े दस्तावेज भी जब्त किए हैं। पिछले कुछ दिनों में ईडी सीबीआई और अन्य एजेंसियों के रेड में प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में देख सुन रहे हैं करीब- करीब रोज टीवी चैनलों पर चमकती हुई नोटों की हरी गुलाबी गडियां दिखाई जाती है जिन्हें गिनने मशीनें भी कम पड़ जाती है। इसलिए बड़े बुजुर्गों की कहावत सही है जब संभलो सवेरा तभी शुरू होता है, सुबह का भूला शाम को लौटे तो भुला नहीं कहते इसलिए कवि प्रदीप का उपरोक्त गीत सुनकर समझने की कोशिश करें,ऐसा मेरा मानना है,इसके साथ ही मैं यह स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि मेरा उद्देश्य किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचानां नहीं है अपितु भ्रष्टाचार रूपी असुर दानव को भारत माता की गोद से कोसों दूर भगाना है जो दीमक की तरह देश को चट कर रहा है। साथियों बात अगर हम भ्रष्टाचार निवारण में समाज की भूमिका की करें तो, समाज ही सभी अच्छाईयों व बुराईओं का स्त्रोत व उत्तरदायी हैं। समाज द्वारा चुने लोग ही सरकार में भेजे जाते हैं। हमारे समाज के लोग ही सरकारी नौकरियों व पदों पर रखे जाते हैं। इसका अर्थ यह है कि समाज के अन्दर ही भ्रष्टाचार का बीज विद्यमान हैं। हमें अपने समाज में सुधार करने की आवश्यकता हैं। इसके लिए आवश्यक हैं कि हमे ऐसे लोगो को प्रमुख जिम्मेदारी देनी चाहिए जो विद्वान, योग्य हो और समाज हित व देश हित की मंशा रखते हैं। हमें सबसे पहले शिक्षा के माध्यम से विद्यार्थियों को शुरू से ही अच्छे कार्य करने की शिक्षा देनी चाहिए। उन्हे गलत कार्यों व लालच से दूर रहने की सलाह देनी चाहिए। यह जिम्मेदारी प्रत्येक माता पिता, बुजुर्ग, शिक्षक व अन्य सभी प्रमुख व्यक्तियों की है कि, वे भ्रष्टाचार मुक्त समाज व राष्ट्र का निर्माण करने में सहायक बने और दूसरों को भ्रष्टाचार करने से रोकें व उन्हें शिक्षित करें। साथियों बात अगर हम केंद्र सरकार को मिलने वाली भ्रष्टाचार की शिकायतों की प्रक्रिया की करें तो, शिकायतें केंद्रीकृत लोक शिकायत निवारण एवं निगरानी प्रणाली (सीपीजीआरएएमएस) के जरिये मिलती है, जो एक ऑनलाइन पोर्टल है, जो नागरिकों को सरकारी विभागों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराने की सुविधा देता है।प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग द्वारा विकसित और निगरानी रखी जाने वाली केंद्रीकृत लोक शिकायत निवारण और निगरानी प्रणाली हर दिन 24 घंटे उपलब्ध एक ऑनलाइन प्लेटफ़ॉर्म है जो केंद्र और राज्यों के सभी मंत्रालयों और विभागों के साथ जुड़ा हुआ है।लोग वेब पोर्टल गूगल प्ले स्टोर पर उपलब्ध मोबाइल एप या उमंग एप के द्वारा शिकायत दर्ज कर सकते हैं।

# आज का राशिफल

मेष राशि : आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। अपने माता-पिता से आप अपने मन की बातों को साझा करेंगे। जो लोग घर से दूर रहकर पढ़ाई कर रहे हैं, वे आज अपने परिवार से मिल सकते हैं। आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। परिवार वालों के साथ धार्मिक कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे, जिससे आपके मन को शांति मिलेगी।

वृष राशि : आज का दिन आपके लिये ठीक-ठाक रहेगा। आज आपको नकारात्मक सोचने से बचना चाहिए। बच्चों के सपनों को साकार करने के लिए उन्हें प्रोत्साहन देने की आवश्यकता है। रुका हुआ धन का आज आगमन होगा। आपको वाहन सुख मिलेगा। आप अपने सभी खर्चो को पूरा करने में सक्षम रहेंगे। जीवनसाथी से आज उपहार मिल सकता है। वकील वर्ग के लोगों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है, किसी केस का फैसला आपके पक्ष में आएगा।

मिथुन राशि : आज आपका दिन उत्तम रहेगा। काम के प्रति डेडिकेशन होने से आप जल्दी ही सफलता की ओर अग्रसर होंगे। आज किसी अनुभवी व्यक्ति का सानिध्य मिलेगा, जिससे अच्छा महसूस करेंगे। आज खास कार्य पूरा होने की संभावना है। दूसरों से उम्मीद करने के बजाय अपनी मेहनत और क्षमता पर विश्वास रखेंगे तो काम सुचारु रूप से बनते जाएंगे।

कर्क राशि : आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज किसी मामले में अपनी समझ से काम करना होगा, तभी काम का परिणाम अच्छा मिलेगा। आज बड़ों का आशीर्वाद मिलेगा, जिससे आपकी सकारात्मकता बढ़ेगी। आज घर में शुभ समाचार मिलने के योग हैं, दांपत्य जीवन का सुख मिलेगा। आपका विनम्र स्वभाव साराहा जाएगा। आज आपको बेवजह की उलझनों से बचना चाहिए। छात्रों को थोड़ी और मेहनत करने की जरूरत है, सफलता मिलने के योग बने हुए हैं।

सिंह राशि : आज आप में एक नई उमंग और खुशी रहेगी। आज आप जो भी काम करेंगे वह पूरे मन से करेंगे, नया अनुभव आपको मिलेगा। मानसिक उलझनों का निवारण होगा, जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा। आपका सामाजिक दायरा और आपका सम्मान भी बढ़ेगा। आप किसी मित्र से सहयोग लेंगे। आज आपको किसी से उलझनें से बचकर रहना चाहिए अन्यथा आप मुसीबत में पड़ सकते हैं।

कन्या राशि : आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें, मौसम में परिवर्तन की वजह से थोड़ी परेशानी हो सकती है। समाज सेवा से जुड़े लोगों का समाज में प्रभाव बढेगा, लोगों का सहयोग मिलेगा। आज के दिन अपनी वाणी पर संयम बना के रखें।

तुला राशि : आज आपका दिन आपकी माता-पिता की सेवा में बीतेगा। आज आप नई जमीन से संबंधित लेन-देन करने जा रहे हैं तो पहले उसकी अच्छे से जांच-पड़ताल जरूर कर लें। पारिवारिक मनोरंजन संबंधी यात्रा का प्रोग्राम बनेगा जिससे बच्चे आपसे प्रसन्न रहेंगे। आपके द्वारा लिए गए निर्णय सकारात्मक और फायदेमंद रहेंगे। विद्यार्थियों को अपनी पढ़ाई में आ रही किसी परेशानी से राहत मिलेगी।

वृश्चिक राशि : आज आपका दिन शानदार रहेगा। आज युवाओं को अपने अध्ययन और करियर में एकाग्रता रखने से उचित परिणाम मिलेंगे। आज बच्चों की समस्याओं का समाधान निकालने के लिए कुछ समय उनके साथ जरूर बिताएं। आज पेपर वर्क करते समय पहले अच्छी तरह जांच-पड़ताल कर लें। आमदनी में आज इजाफा होने से अपने आपको कुछ बेहतर महसूस करेंगे, परिवार का वातावरण शांत बना रहेगा।

धनु राशि : आज आपका दिन उमंग से भरा रहेगा। नौकरी पेशा वाले लोगों की अच्छी इनकम होगी। प्रॉपर्टी से जुड़ी समस्याओं के लिए भागदौड़ के उपरांत काम बन जायेगा। सगे सम्बन्धियों से अच्छे तालमेल बनेंगे। आज किसी जरूरतमंद की सहायता करने का मौका मिलेगा।

मकर राशि : आज आपका दिन मिला-जुला रहने वाला है। आज आपको अपने व्यवहार में कुछ सुधार लाने की भी जरूरत है। क्योंकि कभी-कभी आपका जल्दबाजी और आवेश पूर्ण स्वभाव लोगों के लिए परेशानियां उत्पन्न कर देता है। महत्वपूर्ण निर्णय लेते समय किसी अनुभवी व्यक्ति की सलाह अवश्य लें। आज सेहत में कुछ उतार-चढ़ाव हो सकता है। व्यायाम और खान-पान पर ध्यान दें।

कुंभ राशि : आज आपका दिन कार्यक्षेत्र में तरक्की दिलाने वाला रहेगा। आज किसी भी परिस्थिति में घबराने की वजह अपनी बुद्धि बल और कार्य क्षमता का उपयोग करेंगे तो समय रहते उचित हल भी निकल आएंगे। कुछ समय प्रैक्टिकल और प्रभावशाली लोगों के साथ व्यतीत करने से आपके स्वभाव में परिवर्तन आएगा। आज अनुभवी और वरिष्ठ लोगों के मार्गदर्शन और सलाह पर उचित अमल करें। आज आपका स्वास्थ्य अच्छा बना रहेगा।

मीन राशि : आज आपका मन उत्साहित रहेगा। जॉब कर रहे लोगों के लिए अच्छे ऑफर्स आने के योग बन रहे है, उनकी सैलरी में इजाफा होगा। आज कुछ समय एकांत या आध्यात्मिक स्थल पर जरूर व्यतीत करें। भाइयों के साथ चल रही अनबन आज किसी की सहायता से हल हो सकती हैं। आज टूर एंड ट्रेवल्स संबंधी व्यवसाय में सुधार आएगा। आज कार्यभार अधिक होने की वजह से ओवरटाइम करना पड़ेगा।

# संविधान पर कोई खतरा नहीं

**एस. सुनील**

विडम्बना देखिए कि संविधान पर हमला करने, उसकी मूल भावना को कुचलने और अनगिनत मनमाने संशोधन करने वाली पार्टी कांग्रेस के नेता इन दिनों संविधान की सुरक्षा का अभियान चला रहे हैं और जिन लोगों ने संविधान की रक्षा के लिए अपना जीवन और सब कुछ दांव पर लगाया उनसे संविधान को खतरा बता रहे हैं! वास्तविकता यह है कि संविधान पर कोई खतरा नहीं है। खतरा कांग्रेस पार्टी के अस्तित्व पर है।

'हम भारत के लोग' द्वारा संविधान अंगीकार करने के 75 वर्ष पूर्ण हुए हैं। समस्त देशवासियों के लिए यह गर्व और प्रेरणा का दिन है।

एक गणतंत्र के रूप में भारत के 75 वर्ष पूरे करना कई मायनों में बहुत विशेष और महत्वपूर्ण है। संविधान के 75 वर्ष की यात्रा में शायद ही कोई समय रहा होगा, जब इसे लेकर इतनी चर्चा हुई होगी, जितनी अभी हो रही है।

ठीक 50 साल पहले 1975 में जब संविधान पर सबसे बड़ा हमला हुआ था यानी इमरजेंसी लगाई गई थी और देश के समस्त नागरिकों के मौलिक अधिकार निलंबित कर दिए गए थे तब भी इसकी इतनी चर्चा नहीं हुई थी।

हालांकि तब देश के नागरिकों ने मन ही मन यह संकल्प बनाया था कि देश के पवित्र संविधान पर हाथ डालने वालों को छोड़ना नहीं है।

संविधान पर हुए उस हमले के बाद देश की जनता ने कांग्रेस पार्टी और तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमति इंदिरा गांधी को सजा दी और यह स्पष्ट कर दिया कि संविधान पर हमला उसे स्वीकार्य नहीं होगा।

परंतु विडम्बना देखिए कि संविधान पर हमला करने, उसकी मूल भावना को कुचलने और अनगिनत मनमाने संशोधन करने वाली पार्टी कांग्रेस के नेता इन दिनों संविधान की सुरक्षा का अभियान चला रहे हैं और जिन लोगों ने संविधान की रक्षा के लिए अपना जीवन और सब कुछ दांव पर लगाया उनसे संविधान को खतरा बता रहे हैं!

वास्तविकता यह है कि संविधान पर कोई खतरा नहीं है। खतरा कांग्रेस पार्टी के अस्तित्व पर है। खतरा कांग्रेस के शाही खानदान की राजनीति पर है। खतरा तुष्टिकरकण की राजनीति करने वाली जातिवादी पार्टियों के ऊपर है।

अपने अस्तित्व, अपनी राजनीति और पार्टी के ऊपर आए खतरे को इन पार्टियों ने संविधान पर खतरा बताना शुरू किया है।

विपक्षी पार्टियों की इस राजनीति की वजह से संविधान की चर्चा शुरू हुई है और संविधान निर्माण में बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की भूमिका पर चर्चा भी घर घर पहुंची है।

इस क्रम में लोगों को इस बात की भी जानकारी मिली है कि कांग्रेस ने बाबा साहेब अंबेडकर के साथ किस तरह का बरताव किया।

भारत के संविधान को खतरे में बताने वाली पार्टी और नेता असल में इसकी शक्ति को न जानते हैं और न समझते हैं।

भारत का संविधान कोई मामूली किताब या कागजों का दस्तावेज भर नहीं है। इसमें देश के 140 करोड़ लोगों की आत्मा बसती है। इसलिए यह कहना अपने आप में बचकाना है कि संविधान खतरे में है।

संविधान एक जीवित दस्तावेज है और उसमें समय की जरुरतों के हिसाब से संशोधन होते हैं। इसका प्रावधान संविधान निर्माताओं ने ही किया है।

उन्हीं प्रावधानों के आधार पर संविधान में अब तक सवा सौ से ज्यादा संशोधन हो चुके हैं। संसद के शीतकालीन सत्र में केंद्र की श्री नरेंद्र मोदी सरकार ने 129वें संविधान संशोधन का विधेयक पेश किया।

इसके जरिए पूरे देश में एक साथ चुनाव कराने का कानून बनाया जाना है। इस विधेयक को एक संयुक्त संसदीय समिति के पास भेजा गया है, जो इस पर विचार कर रही है।

यह संशोधन भी संविधान की मूल भावना को स्थापित करने के लिए लाया गया है। ध्यान रहे आजादी के बाद पहले चार लोकसभा चुनावों के साथ ही लगभग पूरे देश के विधानसभा चुनाव हुए थे।उसके बाद कांग्रेस की केंद्र सरकार द्वारा मनमाने तरीके से राज्यों की सरकार बरखास्त करने के कारण यह चक्र टूटा। अब इस चक्र को फिर से बहाल करने का प्रयास हो रहा है। संविधान अंगीकार किए जाने के 75 साल पूरे होने के अवसर पर यह विचार करने की भी आवश्यकता है कि तीन चौथाई सदी का संविधान का सफर कैसा रहा?

सबसे पहले तो यह बुनियादी बात समझने की जरुरत है कि कोई भी संविधान उतना ही अच्छा या उतना ही सफल होता है, जितने अच्छे उसे लागू करने वाले होते हैं।

अगर संविधान जैसा पवित्र दस्तावेज भी गलत लोगों के हाथ में हो उसका दुरुपयोग हो सकता है। श्रीमति इंदिरा गांधी ने संविधान के अनुच्छेद 352 में किए गए प्रावधानों का इस्तेमाल करके ही देश में इमरजेंसी लगाई थी।

पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू से लेकर बाद की सभी कांग्रेस सरकारों ने अनुच्छेद 356 के प्रावधानों का दुरुपयोग करके ही देश के अनेक राज्यों की चुनी गई सरकारों को मनमाने तरीके से बरखास्त किया।

इमरजेंसी के समय तमाम किस्म की मनमानियां संविधान के नाम पर ही की गईं। नागरिकों के मौलिक अधिकार निलंबित कर दिए गए। विपक्ष के नेताओं को जेल में डाल दिया गया।

उच्च न्यायपालिका में मनमाने तरीके से वरिष्ठता का उल्लंघन करके जूनियर और प्रतिबद्ध जज को चीफ जस्टिस बनाया गया।

संविधान में मनमाने तरीके से संशोधन किए गए। हैरानी की बात है कि इतना सब कुछ करने वाली पार्टी अपने को संविधान का रक्षक बता रही है!दूसरी ओर पिछले 10 साल के श्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल को देखें तो आजाद भारत के इतिहास में कोई भी कालखंड ऐसा नहीं रहा है, जब संविधान की संपूर्ण अनुपालना सुनिश्चित की गई हो। इस अवधि में एक भी राज्य सरकार अनुच्छेद 356 का इस्तेमाल करके नहीं बरखास्त की गई है। एक जम्मू कश्मीर को छोड़ कर कहीं भी राष्ट्रपति शासन नहीं लगाया गया।संविधान में न्यूनतम संशोधन किए गए और जो भी संशोधन हुआ वह देश और समाज के वृहत्तर हित के लिए हुआ। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने हर कीमत पर संविधान और आरक्षण की रक्षा का संकल्प जताया हुआ है। उनकी सरकार ने संविधान रचयिता बाबा साहेब अंबेडकर के सम्मान में पंचतीर्थों का विकास किया और उनके आदर्शों को हर व्यक्ति तक पहुंचाने का काम किया। इसलिए संविधान पर खतरे की धारणा बनाने का प्रयास कर रही पार्टियां और उनके नेता सफल नहीं हो पा रहे हैं।

# अल्लू अर्जुन स्टारर फिल्म पुष्पा 2 ने ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर दी दस्तक, हिंदी समेत इन भाषाओं में उपलब्ध



अल्लू अर्जुन और रश्मिका मंदाना स्टारर एक्शन थ्रिलर फिल्म 'पुष्पा 2: द रूल' ने बॉक्स ऑफिस पर खूब धमाल मचाया है. ये फिल्म देश की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन चुकी है और वर्ल्डवाइड भी ये दूसरी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली भारतीय फिल्म है. वहीं रिलीज के दो महीने बाद भी पुष्पा 2: द रूल' बॉक्स ऑफिस पर नोट छाप रही है. इन सबके बीच अब 'पुष्पा 2' ओटीटी प्लेटफॉर्म पर भी राज करने आ पहुंची है. फिल्म को सभी भाषाओं में ओटीटी पर रिलीज कर दिया गया है. चलिए यहां जानते हैं 'पुष्पा 2: द रूल' को हिंदी में कहां देख सकते हैं?

देश-दुनिया के बॉक्स ऑफिस पर ऐतिहासिक कमाई करने वाली 'पुष्पा 2' ओटीटी पर रिलीज हो गई है. बता दें कि इस एक्शन ड्रामा के रीलोडेड वर्जन को ओटीटी पर स्ट्रीम किया गया है. जिसका मतलब है कि फिल्म में 23 मिनट एक्स्ट्रा एड किए गए हैं. यानी अब दर्शकों को ओटीटी पर पूरे 3 घंटे 44 मिनट की फिल्म देखने को मिलेगी।

बता दें कि पहले मेकर्स ने पुष्पा 2 की ओटीटी रिलीज की घोषणा करते हुए पहले कहा था कि इसे तमिल तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ भाषा में नेटफ्लिक्स पर 30 जनवरी से स्ट्रीम किया जाएगा. इस ऐलान के बाद हिंदी दर्शक मायूस हो गए थे और फिल्म के हिंदी वर्जन में भी ओटीटी पर रिलीज किए जाने का इंतजार कर रहे थे. फैंस की भारी डिमांड को देखते हुए मेकर्स ने पुष्पा 2 का हिंदी वर्जन भी 30 जनवरी को नेटफ्लिक्स पर रिलीज कर दिया है.इसकी ऑफिशियल अनाउंसमेंट करते हुए नेटफ्लिक्स ने पोस्ट में लिखा है, उसकी फायर अभी जिंदा है, और रूल शुरू हो गया है. नेटफ्लिक्स पर 23 एक्स्ट्रा मिनटों के साथ पुष्पा 2- रीलोडेड वर्जन देखें, अभी तेलुगु, हिंदी, तमिल, मलयालम में! कन्नड़ में।

## मलाइका ने ऑल-ब्लैक एक्टिववियर में अपनी परफेक्ट टोन्ड बॉडी फ्लॉन्ट की

वीडियो में मलाइका ने ऑल-ब्लैक एक्टिववियर पहना हुआ था और उन्होंने ब्लैक सनग्लास और बन में बंधे बालों के साथ अपने लुक को पूरा किया। उनकी परफेक्ट टोन्ड बॉडी फिटनेस के प्रति उनके समर्पण को दर्शाती है,। मलाइका अरोड़ा गोवा में कुछ समय बिताने के बाद मुंबई वापस आ गई हैं। आज सुबह उनकी बिल्डिंग के बाहर तस्वीरें खींची गईं। ऑनलाइन प्रसारित हो रहे एक वीडियो में, हम उन्हें योगा सेशन के बाद कार से उतरते और अपनी बिल्डिंग की ओर बढ़ते हुए देख सकते हैं। बिल्डिंग में प्रवेश करने से पहले, उन्होंने जल्दी से पैपराज़ी की ओर हाथ हिलाया और उन्हें देखकर मुस्कुराईं। बाद में, वह बिल्डिंग के सुरक्षा गार्ड से भी बातचीत करती हैं।

# श्वेता तिवारी की हॉट फोटोज ने इंटरनेट पर मचाया तहलका, एक्ट्रेस का लेटेस्ट लुक देख दीवाने हुए फैंस



बॉलीवुड एक्ट्रेस श्वेता तिवारी हमेशा अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर फैंस का सारा ध्यान अपनी ओर खींचती रहती हैं। उनका कातिलाना अवतार इंटरनेट पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर साझा की हैं। इन फोटोज में उनका स्टनिंग पोज देखकर फैंस एक बार फिर से बेकाबू हो गए हैं। श्वेता तिवारी हमेशा अपनी बोल्डनेस और हॉटनेस के कारण फैंस के बीच सोशल मीडिया पर लाइमलाइट बटौरती रहती हैं। वो जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो वो चंद ही मिनटों में वायरल होने लगती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस श्वेता तिवारी ने एक बार फिर से अपनी हॉटनेस से फैंस को इस कदर दीवाना बनाया है कि लोग उनकी तारीफ करते नहीं थक रहे हैं।श्वेता तिवारी ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट के दौरान पर्पल कलर की थाई स्लिट ड्रेस पहनी हुई है, जिसमें वो एक से बढ़कर एक पोज देती हुई नजर आ रही हैं।खुले बाल, लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस ने अपने आउटलुक को बेहद ही शानदार तरीके से कंप्लीट किया है। उनका कातिलाना अवतार इंटरनेट पर तबाही मचा रहा है।फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस अपनी पतली कमर फ्लॉन्ट करती हुई बेहद सिजलिंग अंदाज में पोज देती हुई फैंस का सारा अटेंशन अपनी ओर खींच रही हैं।श्वेता तिवारी सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं, इंस्टाग्राम पर उनकी उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट भी काफी जबरदस्त है। वो जब भी अपनी फोटोज शेयर करती हैं तो फैंस उनके हर एक लुक को फॉलो करते हैं।

# आकांक्षा पुरी डॉन्स एंड डार्लिंग्स में विभिन्न पहलुओं को निभाने खुद को भाग्यशाली मानती हैं



टीवी अभिनेत्री आकांक्षा पुरी ने हाल ही में अपनी नवीनतम परियोजना डॉन्स एंड डार्लिंग्स में अपने चरित्र के विभिन्न पहलुओं को तलाशने के अवसर के लिए अपनी उत्तेजना व्यक्त की।अभिनेत्री ने बताया कि वह अपनी भूमिका की जटिलताओं और विविध पहलुओं को समझने में कितनी भाग्यशाली महसूस कर रही हैं, उन्होंने इस किरदार की गहराई और बहुमुखी प्रतिभा को उजागर किया। शो में एक शक्तिशाली डॉन की बेटी नाज़ का किरदार निभाने वाली आकांक्षा ने कहा कि उन्होंने अपने जीवन से बिल्कुल अलग किरदार निभाया है। एक सहायक पुलिस आयुक्त की बेटी के रूप में, उन्होंने अपनी वास्तविक जीवन की पृष्ठभूमि से बहुत दूर एक ऐसी दुनिया की खोज की, जिसमें उन्होंने खुद को नाज़ के जीवन और रिश्तों की जटिलताओं में डुबो दिया।पुरी ने बताया, नाज़ मुझसे बहुत अलग है और यही बात इस भूमिका को रोमांचक बनाती है।

एक कलाकार के तौर पर, मैं एक ही किरदार में इतने सारे रंग तलाशने के लिए भाग्यशाली रही। नाज़ एक बेटी, एक पत्नी, एक प्रेमिका और सबसे शक्तिशाली परिवार का हिस्सा है। फिर भी, वह बस प्यार चाहती है। मुझे विश्वास है कि बहुत से लोग उसके संघर्ष और भावनाओं से जुड़ेंगे।अपने सह-कलाकारों के साथ काम करने के बारे में बात करते हुए आकांक्षा ने कहा कि यह अनुभव सहज और सुखद रहा।

उन्होंने बताया हालांकि मैं किसी को व्यक्तिगत रूप से नहीं जानता था या पहले उनके साथ काम नहीं किया था, फिर भी तालमेल स्वाभाविक था और हर कोई अच्छी तरह से तैयार था इससे शूटिंग आसान हो गई।एएलटीटी के साथ अपने सहयोग के बारे में बात करते हुए, पूर्व बिग बॉस ओटीटी प्रतियोगी ने कहा, हनी ट्रैप स्क्वाड के बाद एएलटीटी के साथ यह मेरा दूसरा प्रोजेक्ट है। उनके साथ काम करना हमेशा खुशी की बात होती है। वे रचनात्मक दृष्टि के बारे में बेहद संगठित और स्पष्ट हैं, जो प्रक्रिया को कुशल और सुखद बनाता है। मैं उनके साथ फिर से सहयोग करना पसंद करूंगी।

संबंधित बात यह है कि, डॉन्स एंड डार्लिंग्स में नागिन-प्रसिद्ध मनीष खन्ना और बेहद-प्रसिद्ध इमरान खान भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। यह थ्रिलर 27 दिसंबर 2024 को एएलटीटी पर रिलीज़ किया गया।

वेब सीरीज़ दो कुख्यात गैंगस्टर, सिकंदर और बलराज के इर्द-गिर्द घूमती है, जो आगामी चुनाव में एक स्थान के लिए होड़ कर रहे हैं। दोनों का सपना शहर पर नियंत्रण करना और जीत हासिल करने के बाद एक शक्तिशाली आपराधिक साम्राज्य का निर्माण करना है। हालाँकि, उनकी महत्वाकांक्षाएँ केवल सत्ता पर केंद्रित नहीं हैं, क्योंकि वे हर दिन अलग-अलग महिलाओं के साथ जंगली, कामुक रातें भी बिताते हैं।

# बॉक्स ऑफिस पर अक्षय कुमार, वीर पहाड़िया की स्काई फोर्स ने पार किया 90 करोड़ का आंकड़ा



अक्षय कुमार, वीर पहाड़िया की एक्शन ड्रामा स्काई फोर्स पिछले सिनेमाघरों में बड़ी उम्मीदों के साथ रिलीज हुई. फिल्म ने ओपनिंग वीकेंड में अच्छी शुरुआत की और भारतीय बॉक्स ऑफिस पर 50 करोड़ी क्लब में शामिल होने में कामयाब रही. यह फिल्म अब 100 करोड़ का आंकड़ा पार करने के करीब पहुंच गई है। स्काई फोर्स ने अपने पहले दिन 15.30 करोड़ कमाए. पहले वीकेंड में फिल्म के कलेक्शन में बढ़ोतरी देखी गई. पहले वीकेंड तक इसने 60 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया. लेकिन वीक डेज में कलेक्शन में गिरावट देखी गई।

स्काई फोर्स को 6वें दिन बॉक्स ऑफिस पर बढ़त देखने को मिल रही है. अक्षय कुमार स्टारर ने छठे दिन 5.96 करोड़ रुपये की कमाई की, जो पिछले दिन की कमाई से थोड़ी ज्यादा है. फिल्म का कुल भारत नेट कलेक्शन 93.01 करोड़ रुपये हो गया है. वहीं, अनुमान लगाया जा रहा है कि स्काई फोर्स ने इन 6 दिनों में 100 करोड़ रुपये से ज्यादा का वर्ल्डवाइड कलेक्शन कर ली होगी।

सैकनिल्क की रिपोर्ट के अनुसार, स्काई फोर्स ने अपने दोपहर के शो के दौरान 10.14 प्रतिशत ऑक्यूपेंसी दर्ज की, जबकि शाम के शो में काफी वृद्धि हुई. शाम की ऑक्यूपेंसी बढ़कर 12.92 प्रतिशत हो गई, जो सुबह की 6.53 प्रतिशत ऑक्यूपेंसी से लगभग दोगुनी है. सुबह की तुलना में शाम के शो में काफी बदलाव देखा गया.

स्काई फोर्स ने हाल के सालों में अक्षय कुमार की किसी भी रिलीज के लिए बेस्ट ओपनिंग डे प्रदर्शन दर्ज किया. वहीं ओपनिंग वीकेंड भी अक्षय कुमार के लिए शानदार रहा.

# बॉक्स ऑफिस पर दर्शकों के लिए तरस रही इमरजेंसी, जल्द सिनेमाघरों से हटाया जाएगा

कंगना रनौत इन दिनों फिल्म इमरजेंसी में दिख रही हैं। यह फिल्म 17 जनवरी को बड़े पर्दे पर आई थी, लेकिन यह पहले दिन से ही बॉक्स ऑफिस पर दर्शकों के लिए तरस रही है।भले ही फिल्म में कंगना के काम की बड़ी तारीफ हुई, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर इसने कुछ कमाल नहीं किया। लाखों में सिमटी फिल्म की दैनिक कमाई में काफी उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है।आइए बताते हैं 13वें दिन इमरजेंसी का क्या हाल रहा।बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, इमरजेंसी ने अपनी रिलीज के 13वें दिन यानी दूसरे बुधवार को 20 लाख रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 17.3 करोड़ रुपये हो गया है। फिल्म का बजट 60 करोड़ रुपये बताजा जा रहा है।इस फिल्म में कंगना ने भारत की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का किरदार निभाया है। फिल्म की कहानी इमरजेंसी के दौर की है और इसमें इंदिरा की पूरी जीवनी दिखाई गई है।इमरजेंसी में अनुपम खेर, श्रेयस तलपड़े, महिमा चौधरी, मिलिंद सोमन और दिवंगत अभिनेता सतीश कौशिक जैसे कई कलाकार अहम भूमिका में नजर आ रहे हैं। फिल्म का निर्देशन कंगना ने ही किया है। वह फिल्म की निर्माता और लेखक भी हैं। फिल्म में खासतौर से कंगना के काम की काफी तारीफ हो रही है। समीक्षकों ने भी कंगना और उनकी इस फिल्म की खूब तारीफ की है। हालांकि, टिकट खिड़की पर फिल्म कोई कमाल नहीं दिखा रही है।

# रेस्टोरेंट या बाहर का खाना खाने से अब नहीं बढ़ेगा वजन, न्यूट्रिशनिस्ट के मुताबिक जानें कैसे



वीकेंड हो या कोई त्योहार हम में से ज्यादातर लोग अपने परिवार के साथ अक्सर डिनर और लंच के लिए किसी रेस्टोरेंट में जाना पसंद करते हैं. वहीं घर से बाहर रहने वाले स्टूडेंट या नौकरी करने वाले लोग भी ज्यादातर समय खाना ऑनलाइन ही ऑर्डर करते हैं. ऐसे में हम जब भी खाना रेस्टोरेंट से ऑर्डर करते हैं तो कई लोग सलाह देते है कि बाहर का खाना खाने से वजन बढ़ जाएगा और मोटापा कि समस्या घेर लेगी. क्योंकि, बाहर खाए जाने वाले भोजन में घर के बने भोजन की तुलना में ज्यादा कैलोरी और फैट होती है और बाहर खाना अनजाने में वजन बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान दे सकता है. हालांकि, कुछ रणनीतियां हैं जिनका उपयोग करके आप भोजन योजना का पालन करते हुए भी बाहर खाने का आनंद ले सकते हैं... न्यूट्रिशनिस्ट अरबी ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें उन्होंने बताया है कि कैसे रेस्टोरेंट के कुछ खास फूड आइटम्स आपका वेट कम करने में आपकी मदद कर सकता है. चलिए उन फूड आइटम्स के बारे में जानें...

होटल या रेस्टोरेंट में खाना खाते या ऑर्डर करते समय इन 10 हेल्दी और वेट कम करने वाले फूड आइटम्स का जरूर रखें ध्यान

सुशी- कम कैलोरी, हाई फाइबर का सबसे अच्छा ऑप्शन है. ब्राउन चावल और सब्जी से भरे इस रोल का ऑप्शन जरूर चुनें.

पनीर टिक्का- हाई प्रोटीन, मीडियम कैलोरी के लिए पनीर टिक्का का ऑप्शन बेहतर है. इसे सब्जियों और साबुत अनाज के साथ खाएं.

वेजिटेबल कबाब- लो कैलोरी, हाई फाइबर से भरपूर ग्रिल्ड या रोस्टेड कबाब का विकल्प चुनें.

भूनी हुई सब्जियां और पनीर- हाई प्रोटीन, मीडियम कैलोरी के साथ भूनी हुई सब्जियां और पनीर का ऑप्शन जरूर चुनें, इसके साथ साबुत अनाज चुनें और ज्यादा सब्जियां खाएं.

सब्जी दाल सूप- कम कैलोरी, हाई फाइबर से भरपूर, प्रोटीन और एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर ऑप्शन के लिए चुनें.

खिचड़ी- कम कैलोरी, हाई फाइबर विकल्प के लिए साबुत अनाज, दाल और सब्जियों से बना खिचड़ीस्टीम्ड वेजिटेबल डम्प्लिंग- मीडियम कैलोरी, हाई फाइबर विकल्प के लिए साबुत गेहूं या सब्जी आधारित रैपर चुनें.होल व्हीट मशरूम रैप- मीडियम कैलोरी, हाई फाइबर विकल्प के लिए अधिक मात्रा में सब्जियां खाएं और कम कैलोरी वाले सॉस का चुनाव करें.

क्विनोआ बाउल विद ग्रिल्ड पनीर- हाई प्रोटीन, मीडियम कैलोरी विकल्प के लिए इसे चुनें. बता दें, क्विनोआ फाइबर प्रदान करता है, जबकि पनीर प्रोटीन प्रदान करता है.

बेसन चीला- मीडियम कैलोरी, हाई प्रोटीन ऑप्शन के लिए बेसन, सब्जियों और मसालों से बनाया गया चीला चुनें.

ऑर्डर करते समय, याद रखें...

* रिफाइंड अनाज, की जगह साबुत अनाज चुनें.
* अधिक मात्रा में सब्जियां और फलियां खाएं.
* ग्रिल्ड, रोस्टेड या स्टीम्ड विकल्प चुनें.
* ज्यादा कैलोरी और चीनी वाले सॉस और ड्रेसिंग का सेवन सीमित करें.
* खूब पानी पियें और मीठे पेय पदार्थों का सेवन सीमित करें.
* इन विकल्पों को चुनकर, आप अपने वजन घटाने के लक्ष्य और समग्र कल्याण में सहायता करेंगे.

# हाई ब्लड प्रेशर के मरीजों के लिए बेहद खतरनाक हैं ये चीजें, भूलकर भी नहीं करना चाहिए सेवन



भागदौड़ भरी जिंदगी, काम का दबाव, अनहेल्दी डाइट और खराब जीवनशैली के कारण सेहत पर बुरा असर पड़ता है. विशेषज्ञों का कहना है कि हाइपरटेंशन (हाई ब्लड प्रेशर) से पीड़ित मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है. हाई ब्लड प्रेशर की समस्या है खराब जीवनशैली और असंतुलित खान-पान के कारण यह तेजी से बढ़ रहा है. ऐसे में हाई ब्लड प्रेशर वाले लोगों को अपने खान-पान का विशेष ध्यान रखना चाहिए. यदि खान-पान का ध्यान न रखा जाए तो यह कई बीमारियों का कारण बन सकता है. जिसमें हृदय संबंधी समस्याएं, किडनी संबंधी रोग और लकवे का खतरा जैसी समस्याएं बढ़ जाती हैं.जैसे कि हम सभी को पता है कि हाई बीपी वाले लोग अक्सर दवा पर निर्भर रहते हैं, लेकिन इसे अच्छी जीवनशैली और उचित खान-पान से भी नियंत्रित किया जा सकता है।. ऐसे में मरीजों के लिए ये जानना बहुत जरूरी है कि क्या खाएं और क्या नहीं?विशेषज्ञों का कहना है कि हाई ब्लड प्रेशर के मरीजों को कुछ फूड आइटम्स को भूलकर भी नहीं खाने चाहिए. अगर लोग परहेज करने वाली चीजें खाएंगे तो ब्लड प्रेशर की समस्या बढ़ सकती है. ऐसे में जानें, हाइपरटेंशन के मरीजों को क्या खाना चाहिए? कौन से खाद्य पदार्थ नहीं खाने चाहिए? क्या कहते हैं विशेषज्ञ...

### प्रोसेस्ड फूड

हाई ब्लड प्रेशर के मरीजों को प्रोसेस्ड फूड आइटम्स से बचना चाहिए. बाजार में मिलने वाले चिप्स, नमकीन और पैकेज्ड स्नैक्स खाने से हाई ब्लड प्रेशर का खतरा बढ़ सकता है, क्योंकि इनमें सोडियम की मात्रा अधिक होती है. सोडियम के कारण ब्लड प्रेशर तेजी से बढ़ता है. हाई ब्लड प्रेशर के मरीजों को कोल्ड ड्रिंक्स और एनर्जी ड्रिंक्स नहीं पीना चाहिए.

### ज्यादा नमक का सेवन

हाई ब्लड प्रेशर के मरीजों को ज्यादा नमक का सेवन नहीं करना चाहिए. हाई बीपी वालों के लिए नमक खतरनाक है. नमक में सोडियम की मात्रा अधिक होती है, जिससे ब्लड प्रेशर तेजी से बढ़ता है. इसलिए मरीजों को पर्याप्त नमक ही लेना चाहिए और अधिक नमक से बचना चाहिए.

### चीनी या मिठाई

हाई ब्लड प्रेशर वाले लोगों को मीठा खाने से बचना चाहिए. मिठाइयों से शुगर लेवल तेजी से बढ़ता है. इससे आपका वजन बढ़ता है और दिल पर अधिक दबाव पड़ता है.

### चाय कॉफी

चाय और कॉफी में कैफीन बड़ी मात्रा में पाया जाता है. कैफीन ब्लड प्रेशर बढ़ाता है. इसलिए दिन में 2 कप चाय या 1 कप कॉफी पिएं. इससे ज्यादा लेने पर खतरा बढ़ जाता है.

### हाई ब्लड प्रेशर में क्या खाएं?

अभी के समय में खराब जीवनशैली और गलत खान-पान के कारण ब्लड प्रेशर की बीमारी तेजी से बढ़ रही है. खासकर युवा वर्ग बीपी समेत कई समस्याओं से प्रभावित है. क्योंकि युवाओं की जीवनशैली पूरी तरह से बिगड़ती जा रही है. इस कारण वे इस बीमारी की चपेट में आ जाते हैं. ऐसे में हाइपरटेंशन के मरीजों को अपने बीपी (ब्लड प्रेशर) को कंट्रोल में रखने के लिए अच्छी डाइट लेनी चाहिए.

रिपोर्ट के अनुसार, हाइपरटेंशन के मरीजों को ताजे फल, हरी सब्जियां, साग का सेवन करना चाहिए. साथ ही ऐसा भोजन लेना चाहिए जिसमें विटामिन, मिनरल्स और फाइबर पर्याप्त मात्रा में हो.

फल-सब्जियां और सब्जियां: हाई ब्लड प्रेशर वाले लोगों को ताजे फलों का सेवन करना चाहिए. संतरा, तरबूज, केला, पपीता जैसे फलों में पोटैशियम भरपूर मात्रा में होता है, जो ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने में मदद करता है. वहीं, पालक, सलाद जैसी हरी सब्जियां और ब्रोकोली, गाजर और बीन्स जैसी सब्जियां खनिजों से भरपूर होती हैं, जो ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने में मदद करती हैं. इसलिए, इन रोगियों को ज्यादा मात्रा में ताजे फल, साग और सब्जियों का सेवन करना चाहिए.

अनाज: बीपी के मरीजों को अनाज खाना चाहिए. जई, ब्राउन चावल, नट्स, पेसरा, दालें और अन्य साबुत अनाज में पर्याप्त मात्रा में फाइबर होता है. फाइबर रक्तचाप को नियंत्रित करने में मदद करता है, जिससे हृदय संबंधी समस्याओं का खतरा कम हो जाता है.

नट्स: हाई ब्लड प्रेशर के रोगियों को अपने आहार में नट्स भी शामिल करना चाहिए. अखरोट, बादाम, अलसी आदि जैसे मेवे ओमेगा-3 फैटी एसिड से भरपूर होते हैं, बीजों में पाए जाने वाले हेल्दी फैट हार्ट हेल्थ को बेहतर बनाने में मदद करते हैं।

# रणजी ट्रॉफी का आनंद लें विराट : हरभजन

## उन्हें देखकर युवाओं को मिलेगी प्रेरणा

नई दिल्ली (ए)। दिग्गज स्पिन हरभजन सिंह ने पूर्व कप्तान विराट कोहली को सलाह दी है कि वह रणजी ट्रॉफी में खेलने का आनंद लें। हरभजन ने कहा कि इससे युवाओं को भी प्रेरणा मिलेगी और वे जान सकेंगे कि विराट जैसा बनने के लिए क्या करना होता है। विराट एक दशक से अधिक समय



बाद घरेलू क्रिकेट खेलेने मैदान पर उतरे और उन्हें देखने भारी तादाद में भीड़ उमड़ पड़ी। इसी को लेकर हरभजन ने सोशल मीडिया में कहा कि विराट एक रोल मॉडल हैं। युवा उनकी ओर देखेंगे। अगर वह रन बनाते हैं या नहीं बनाते हैं, तो यह अलग बात है। साथ ही कहा कि अगर मैं विराट कोहली होता, तो इसका आनंद लेना होता। जब हम क्रिकेट खेलना शुरू करते हैं तो हम उसका आनंद लेते हैं पर जब आप विराट जैसे खिलाड़ी बन जाते हैं, तो दबाव और अपेक्षाएं सामने आ जाती हैं और आनंद पीछे रह जाता है। इसलिए मैं चाहता हूं कि वह खेल का आनंद लें और युवाओं को बताएं कि विराट कोहली कैसे बना जाता है।पूर्व स्पिनर का मानना है कि अगर विराज क्रीज पर समय बिताते हैं, तो स्वाभाविक रूप से उनके रन निकलेंगे। जब कोई उनके आंकड़ों पर करीब से नजर डालता है, तो लाल गेंद के प्रारूप में उनका प्रदर्शन नाम के अनुरुप नहीं रहा है। पिछले साल 10 टेस्ट मैचों में उन्होंने 24.52 की औसत से केवल 417 रन बनाए, जिसमें केवल एक शतक और एक अर्धशतक शामिल था। हरभजन ने कहा कि इसका सामाधान क्रीज पर टिककर वह कर सकते हैं। साथ ही कहा कि जब वह बल्लेबाजी करने जाते हैं, तो उन्हें क्रीज पर कब्जा करना चाहिए और तीन से चार घंटे बिताने चाहिए। अगर विराट शून्य भी बनाते हैं, तब भी अपनी उपलब्धियों के कारण वह विराट ही रहेंगे।

# एसए20: डु प्लेसिस ने दिलाई जॉबर्ग सुपर किंग्स को अहम जीत, प्लेऑफ की उम्मीदें जिंदा

जोहान्सबर्ग, (ए)। जॉबर्ग सुपर किंग्स ने वांडरर्स में टेबल टॉपर पार्ल रॉयल्स को सात विकेट से हराकर एसए20 प्लेऑफ में जगह बनाने की अपनी उम्मीदों को मजबूत किया।सुपर किंग्स अभी भी अंकतालिका में चौथे स्थान पर हैं, लेकिन अब उनके 19 अंक हो गए हैं, जो तीसरे स्थान पर मौजूद सनराइजर्स ईस्टर्न केप के बराबर हैं। हालांकि, गत विजेता सनराइजर्स को बोनस अंकों के कारण बढ़त मिली हुई है।कप्तान फाफ डु प्लेसिस ने 55 गेंदों में 87 रन की आक्रामक पारी खेली, जिससे सुपर किंग्स ने 151 रनों का लक्ष्य 7 विकेट शेष रहते आसानी से हासिल कर लिया।मैच के बाद डु प्लेसिस ने कहा, हमें इस जीत की सख्त जरूरत थी। टूर्नामेंट में बने रहने के लिए यह एक अहम मुकाबला था। मुश्किल पिच पर शानदार पीछा किया। पूरी टीम का प्रदर्शन बेहतरीन रहा।सुपर किंग्स की जीत की बड़ी वजह उनकी ठोस शुरुआत रही। डु प्लेसिस और डेवोन कॉन्वे (25 गेंदों में 20 रन) ने पहले विकेट के लिए 54 रन जोड़े, जिससे लक्ष्य हासिल करना आसान हो गया।वहीं, पार्ल रॉयल्स की पारी की शुरुआत बेहद खराब रही। टीम में जो रूट की जगह शामिल किए गए सैम हेन दूसरी ही गेंद पर आउट हो गए।डु प्लेसिस ने पावरप्ले की अहमियत पर जोर देते हुए कहा, पहले छह ओवरों में तेज रन बनाना जरूरी है। हमें 25-30 रन के पावरप्ले से बचना होगा और विपक्षी टीम पर दबाव बनाना होगा।सुपर किंग्स के ऑफ स्पिनर डोनोवन फरेरा ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 3 ओवर में 23 रन देकर 3 विकेट लिए। उनके अलावा लुथो सिपामला ने भी प्रभावशाली प्रदर्शन किया और 3 विकेट लेकर अपनी टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई।पार्ल रॉयल्स की ओर से लुआन-ड्रे प्रीटोरियस (11 गेंदों में 19 रन) और रुबिन हरमैन (26 गेंदों में 28 रन) ने शुरुआत तो अच्छी की, लेकिन लंबी पारी नहीं खेल पाए। वहीं, दिनेश कार्तिक (39 गेंदों में 53 रन) ने संघर्षपूर्ण अर्धशतक जमाया, लेकिन उन्हें किसी और बल्लेबाज का खास साथ नहीं मिला। पार्ल रॉयल्स को इस मैच में अपने दो अहम खिलाड़ी जो रूट और कप्तान डेविड मिलर की कमी खली। मिलर अपनी नवजात संतान के जन्म के कारण टीम के साथ नहीं थे। इस मौके का फायदा उठाते हुए टीम ने कुछ युवा खिलाड़ियों को आजमाया।

## ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर मार्श पीठ के निचले हिस्से में चोट के कारण चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर

मेलबर्नी (ए)। ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर मिशेल मार्श पीठ के निचले हिस्से में दर्द और शिथिलता के कारण 19 फरवरी से पाकिस्तान और यूएई में शुरू होने वाली आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर हो गए हैं।

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने शुक्रवार को कहा, राष्ट्रीय चयन पैनल और ऑस्ट्रेलियाई पुरुष चिकित्सा दल ने चोट के कारण मार्श को टूर्नामेंट से बाहर कर दिया है, जिसका पुनर्वास पर्याप्त रूप से नहीं हो पाया है।

हाल के हफ्तों में उनकी पीठ के निचले हिस्से में दर्द बढ़ गया था, जिसके कारण एनएसपी ने मार्श के पुनर्वास की लंबी अवधि पूरी करने का निर्णय लिया।सीए ने कहा कि मार्श अब खेल में वापसी की योजना के तहत और अधिक आराम और पुनर्वास की अवधि से गुजरेंगे। एनएसपी समय आने पर मार्श के प्रतिस्थापन पर निर्णय लेने के लिए बैठक करेगा।भारत के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी अभियान के अंतिम मैच से पहले ऑस्ट्रेलिया की टेस्ट लाइन-अप में अपनी जगह गंवाने वाले मार्श ने इस महीने की शुरुआत में पर्थ स्कॉर्चर्स के लिए एकमात्र बीबीएल उपस्थिति के बाद से कोई मैच नहीं खेला है।आईसीसी पुरुष चैंपियंस ट्रॉफी के लिए अंतिम टीमों की समय सीमा 12 फरवरी से पहले है।टखने की चोट और पारिवारिक प्रतिबद्धताओं के कारण वनडे और टेस्ट में नियमित कप्तान पैट कमिंस के बाहर होने के कारण, मार्श से चैंपियंस ट्रॉफी में ऑस्ट्रेलिया का नेतृत्व करने की उम्मीद थी। चैंपियंस ट्रॉफी में कमिंस की भागीदारी पर अनिश्चितता के साथ, वर्तमान में टेस्ट टीम का नेतृत्व कर रहे स्टीव स्मिथ वनडे कप्तान के रूप में कार्यभार संभाल सकते हैं, क्योंकि मार्श को टी20 टीम का कप्तान नियुक्त किया गया है।

# रणजी ट्रॉफी में बुरी तरह फ्लॉप हुए विराट कोहली, सिर्फ 6 रन बनाकर हुए आउट

नईदिल्ली, ( आरएनएस) रेलवे के साथ खेले जा रहे रणजी ट्रॉफी मैच में विराट कोहली दिल्ली की टीम का हिस्सा हैं. मैच के दूसरे दिन बल्लेबाजी करने के लिए मैदान पर आए विराट से सभी को बड़ी उम्मीदें थीं. लेकिन, कोहली एक बार फिर फ्लॉप रहे और सस्ते में आउट होकर पवेलियन लौट गए. विराट का विकेट



ना केवल दिल्ली की मुश्किल बढ़ाने वाला है, बल्कि उनका फॉर्म में ना लौटना टीम इंडिया के लिए भी चिंता का सबब बन सकता है.भारतीय क्रिकेटर विराट कोहली इस वक्त खराब फॉर्म से जूझ रहे हैं और मानो ये खराब फॉर्म उनका पीछा ही नहीं छोड़ रहा है. रेलवे के खिलाफ खेले जा रहे मुकाबले में दिल्ली की ओर से विराट नंबर-4 पर बल्लेबाजी करने आए, लेकिन वह ज्यादा देर क्रीज पर टिक नहीं पाए और सिर्फ 6(15) रन बनाकर ही चलते बने. विराट को रेलवे के तेज गेंदबाज हिमांशु सांगवान ने आउट किया. दुनियाभर में रन मशीन के नाम से मशहूर विराट कोहली 13 सालों बाद डोमेस्टिक क्रिकेट में लौटे हैं. इस मैच के लिए दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में फैंस का हुजूम पहुंचा, जो सिर्फ अपने स्टार प्लेयर को खेलते देखना चाहते थे. मगर, विराट एक बार फिर बल्ले से कुछ खास नहीं कर सके और 6 रन बनाकर ही पवेलियन को लौट आए. देखने वाली बात थी कि जैसे ही कोहली आउट हुए फैंस भी स्टेडियम से बाहर जाने लगे. आपको बता दें, विराट को खेलते देखने के लिए हजारों की संख्या में फैंस अरुण जेटली स्टेडियम में पहुंचे.ऑस्ट्रेलिया में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद बीसीसीआई ने विराट कोहली और रोहित शर्मा सहित सभी खिलाड़ियों को घरेलू क्रिकेट खेलने की सलाह दी थी, जिसे मानते हुए इंटरनेशनल प्लेयर्स रणजी में हिस्सा लेते दिख रहे हैं. दरअसल, भारत को अगले महीने चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में हिस्सा लेना है. यदि टीम इंडिया को वहां खिताबी जीत दर्ज करनी है, तो विराट कोहली, रोहित शर्मा जैसे बड़े खिलाड़ियों का फॉर्म में लौटना जरूरी है. लेकिन, बुरी खबर ये है कि ना केवल विराट कोहली बल्कि, इससे पहले रणजी मैच खेलने वाले रोहित शर्मा, यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, ऋषभ पंत सभी फ्लॉप रहे हैं. उम्मीद रहेगी की दूसरी पारी में विराट कोहली बड़ी पारी खेलकर अपना खोया हुआ फॉर्म हासिल कर लें.

# भारतीय टीम अंडर-19 टी20 महिला विश्व कप के फाइनल में पहुंची

## सेमीफाइनल में इंग्लैंड को 9 विकेट से हराया



क्वालालंपुर (ए)। भारतीय टीम ने सेमीफाइन मुकाबले में इंग्लैंड को 9 विकेट से हराकर अंडर-19 महिला टी20 वर्ल्ड कप के फाइनल में प्रवेश किया है। यहां अब भारतीय टीम रविवार को खिताब के लिए दक्षिण अफ्रीका से मुकाबला करेगी। दक्षिण अफ्रीका ने एक अन्य सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया को हराकर फाइनल में जगह बनायी है। भारत और इंग्लैंड का मुकाबला एकतरफा रहा। भारतीय टीम ने इस मैच में इंग्लैंड को 113 रनों पर आउट करने के बाद केवल 15 ओवर में ही एक विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर लिया। 114 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम ने तेज शुरुआत की। सलामी बल्लेबाज जी. कमलिनी ने नाबाद 56 रन रन बनाये जबकि गोंगडी त्रिषा ने 35 रन बनकार पहले विकेट के लिए 60 रन जोड़े। त्रिषा के आउट होने के बाद सानिका चालके ने 11 रन बनाए। कमलिनी और सानिका ने 15वें ओवर में टीम को एक विकेट पर 117 रनों तक पहुंचाकर जीत दिला दी। वहीं इससे पहले बल्लेबाजी करते हुए इंग्लैंड ने शुरुआत में ही अपने दो विकेट खो दिये। इसके बाद डेविना पेरिन ने 45 और एबी नॉरग्रोव ने 30 रन बनाकर टीम को संभालने का प्रयास किया पर सफल नहीं रहीं। भारतीय गेंदबाज आयुषी शुक्ला ने इन दोनों को ही आउट कर इंग्लैंड की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। इसके बाद वैष्णवी शर्मा ने 3 विकेट लेकर इंग्लैंड को दबाव में ला दिया। वहीं पारुलिका सिसोदिया ने भी तीन विकेट लिए।

# बीसीसीआई आज सचिन को लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित करेगा

मुम्बई (ए)। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर को सी के नायडू लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित करेगा। बीसीसीआई शनिवार को अपने वार्षिक समारोह में सचिन को ये लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड प्रदान करेगा। सचिन ने भारतीय टीम की ओर से 664 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं। वह क्रिकेट इतिहास में सबसे अधिक टेस्ट और एकदिवीसय रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। बोर्ड के एक अधिकारी ने बताया, 'हां, उन्हें वर्ष 2024 के लिए सी के नायडू 'लाइफटाइम अचीवमेंट' पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।'तेंदुलकर के नाम 200 टेस्ट और 463 एकदिवसीय मैच क्रिकेट मैच हैं। जो इतिहास में किसी भी खिलाड़ी के सबसे अधिक मैच हैं। उन्होंने एकदिवसीय में 18,426 रनों के अलावा 15,921 टेस्ट रन भी बनाए हैं हालांकि वह शानदार करियर में केवल एक टी20 अंतरराष्ट्रीय ही खेल पाये। इससे पहले लाला अमरनाथ, सैयद मुश्ताक अली, विजय हजारे, केएन प्रभु, हेमू अधिकारी, सुभाष गुप्ते, एमएके पटौदी, बीबी निंबालकर, चंदू बोर्डे, बिशन सिंह बेदी, एस वेंकटराघवन, ईएएस प्रसन्ना, बीएस चद्रशेखर, मोहिंदर अमरनाथ, सलीम दुरानी, अजीत वाडेकर, सुनील गावस्कर, कपिल देव, दिलीप वेंगसरकर, सैयद किरमानी, राजिंदर गोयल, पद्माकर शिवलकर, के श्रीकांत, रवि शास्त्री और फारुख इंजीनियर को भी सीके नायडू पुरस्कार मिला था।



# पाकिस्तान फिर हुआ शर्मसार, कप्तानों के फोटोशूट को लेकर आई चौंकाने वाली अपडेट

नईदिल्ली,( आरएनएस) पाकिस्तान की मेजबानी में खेली जाने वाली चैंपियंस ट्रॉफी 2025 को लेकर रोजाना कोई ना कोई अपडेट सामने आती रहती हैं. इस बीच एक ऐसी जानकारी सामने आई है, जिसे जानकर पाकिस्तानी फैंस को झटका लगने वाला है. रिपोर्ट्स की मानें, तो इस आईसीसी इवेंट से पहले होने वाला कप्तानों का फोटोशूट और कॉन्फ्रेंस को कैंसिल कर दिया गया है. हालांकि, अभी तक आधिकारिक तौर पर इसकी कोई जानकारी नहीं दी गई है.आईसीसी इवेंट्स से पहले सभी कप्तान मेजबान देश जाकर फोटोशूट और कॉन्फ्रेंस करते हैं. लेकिन, पाकिस्तान की मेजबानी में खेली जाने वाली चैंपियंस ट्रॉफी 2025 से पहले ये होना संभव नहीं दिख रहा है. जी हां, रिपोर्ट्स के हवाले से खबर सामने आई है की सभी टीमों के बिजी शेड्यूल के कारण फोटोशूट और कॉन्फ्रेंस को कैंसिल किया जा रहा है. रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि, चैंपियंस ट्रॉफी के शुरू होने से पहले सभी टीमों के शेड्यूल पूरी तरह से पैक हैं. इंग्लैंड और भारत के बीच वाइट बॉल सीरीज खेली जा रही है, वहीं ऑस्ट्रेलिया-श्रीलंका के बीच क्रिकेट जारी है. आईसीसी और पीसीबी ने मिलकर ये फैसला लिया है कि सभी कप्तानों का एक साथ कोई फोटोशूट और प्रेस कॉन्फ्रेंस नहीं होगी, क्योंकि टूर्नामेंट से पहले सभी कैप्टेंस अवेलेबल नहीं हैं।



## डोनाल्ड ट्रंप की भारत और चीन को सीधी धमकी, कहा- ऐसा किया तो 100 फीसदी टैरिफ लगा दूंगा

वॉशिंगटन ( आरएनएस)। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एक बार फिर ब्रिक्स देशों (ब्राजील, रूस, भारत, चीन, दक्षिण अफ्रीका, मिस्र, इथियोपिया, ईरान और संयुक्त अरब अमीरात) को धमकी दी है। ट्रम्प ने



कहा कि यदि नौ राष्ट्रों (ब्रिक्स देश) ने अमेरिकी डॉलर को कमजोर करने का प्रयास किया तो वे उन पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगा देंगे।

ट्रम्प का यह बयान ब्रिक्स देशों द्वारा वैश्विक वित्तीय प्रणाली में अमेरिकी डॉलर के प्रभुत्व को चुनौती देने के प्रयासों के बाद आया है। ब्रिक्स देशों का कहना है कि वे वैश्विक वित्तीय प्रणाली में अमेरिका के एकाधिकार से तंग आ चुके हैं। विकासशील देशों की इच्छा है कि अमेरिकी डॉलर और यूरो पर वैश्विक निर्भरता कम हो। वहीं, विकासशील देश अपने आर्थिक हितों के लिए बेहतर निर्णय ले सकें। साल 2023 में ब्रिक्स सम्मेलन के दौरान सदस्य देशों ने अपनी करेंसी लाने की चर्चा भी की थी। वहीं, ब्रिक्स देशों के बीच आपसी व्यापार और निवेश के लिए कॉमन करेंसी बनाने का प्रस्ताव भी रखा था। यह प्रस्ताव ट्रम्प को पसंद नहीं आया था।अगर ट्रम्प ने ब्रिक्स देशों के खिलाफ कोई फैसला ले लिया तो भारत के लिए चुनौती खड़ी हो जाएगी। भारत और अमेरिका के बीच मजबूत व्यापारिक संबंध है। टैरिफ लगने की वजह से भारत को तगड़ा झटका लगा सकता है। वित्त वर्ष 2023-24 में भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार 118.3 बिलियन अमेरिकी डॉलर था।

## इजरायली प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने रिहा किए गए बंधकों का स्वागत किया

जेरूसलम ( आरएनएस) इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने हमास की कैद से रिहा किए गए तीन इजरायली नागरिकों- अगम बर्जर, अर्बेल येहुद और गादी मूसा का स्वदेश में स्वागत किया।

तीनों को गुरुवार को छोड़ा गया। नेतन्याहू ने एक बयान जारी कर रिहाई के तरीके को लेकर हमास की आलोचना भी की।उन्होंने कहा, अगम, अर्बेल और गादी का स्वागत है।पूरे इजरायल के साथ ही हम (नेतन्याहू और उनकी पत्नी) आपका तहे दिल से स्वागत करते हैं।नेतन्याहू ने कहा, यह रिहाई, सबसे पहले, हमारे वीर सैनिकों की बदौलत मुमकिन हुई, और यह उस दृढ़ रुख का भी नतीजा है जो हमने बातचीत के दौरान अपनाया था। हालांकि, प्रधानमंत्री ने इनकी रिहाई को लेकर हमास द्वारा अपनाए गए तरीके पर भी सवाल उठाए। बोले, हम समझौते के उल्लंघन को स्वीकार नहीं करेंगे।

# अमेरिकी सीनेट में सनातन की 'गूंज', काश पटेल ने 'जय श्री कृष्ण' कहकर जीता दिल



वाशिंगटन (आरएनएस)। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से एफबीआई प्रमुख के तौर पर नामित कश्यप 'काश' पटेल का दो वीडियो तेजी से इंटरनेट पर वायरल हो रहा है। दरअसल ये दोनों वीडियो गुरुवार को सीनेट न्यायपालिका समिति के समक्ष पटेल की 'कन्फर्मेशन' सुनवाई के हैं।

एक वायरल वीडियो में, भारतीय मूल के वकील पटेल सीनेट में सुनवाई से पहले अपने माता-पिता के पैर छूने के लिए झुकते हुए दिखाई दे रहे हैं। दूसरे वीडियो में पटेल अपने माता-पिता का परिचय कराते हुए 'जय श्री कृष्ण' बोलते हैं। वह कहते हैं, मैं अपने पिता प्रमोद और अपनी मां अंजना का स्वागत करना चाहूंगा, जो आज यहां बैठे हैं। वे भारत से यहां आए हैं। मेरी बहन निशा भी यहां हैं। वह भी मेरे साथ रहने के लिए महासागर पार से आई हैं। आप लोगों का यहां होना मेरे लिए बहुत बड़ी बात है। जय श्री कृष्ण।

पटेल कहते हैं कि वे न केवल अपने माता-पिता के सपनों को लेकर चल रहे हैं, बल्कि न्याय, निष्पक्षता और कानून के शासन के पक्ष में खड़े लाखों अमेरिकियों की उम्मीदों को भी आगे लेकर जा रहे हैं। पटेल ने बताया कि उनके पिता युगांडा में इदी अमीन की नरसंहारकारी तानाशाही से बचकर भाग गए थे, जहां तीन लाख पुरुषों, महिलाओं और बच्चों को उनकी जातीयता के आधार पर मार दिया गया था 'सिर्फ इसलिए कि वे मेरे जैसे दिखते थे।' पटेल का कानून और राष्ट्रीय सुरक्षा में लंबा करियर रहा है। उन्होंने एक सार्वजनिक वकील के रूप में शुरुआत की, राज्य और संघीय अदालतों में हत्या से लेकर वित्तीय अपराधों तक के जटिल मामलों की सुनवाई की। बाद में वे न्याय विभाग (डीओजे) में चले गए जहां उन्होंने आतंकवाद के अभियोजक के रूप में काम किया।

## इस देश ने डीपसीक पर लगाया बैन, सरकार ने पूछे ऐसे सवाल; उखड़ गए चीनी कंपनी के पैर

रोम (आरएनएस)। इटली ने डेटा सुरक्षा संबंधी चिंताओं के कारण चीनी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मॉडल डीपसीक पर प्रतिबंध लगा दिया है। गुरुवार को इटली की डेटा सुरक्षा एजेंसी गारंटी ने यह घोषणा की। एजेंसी का कहना है कि डीपसीक ने अपने यूजर्स के डेटा के उपयोग के बारे में पर्याप्त जानकारी नहीं दी है।

डीपसीक से यह जानकारी मांगी थी कि वह कौन-कौन सा डेटा इकट्ठा करता है, किन स्रोतों से, किस उद्देश्य के लिए और क्या यह डेटा चीन में स्टोर किया जाता है। लेकिन कंपनी द्वारा दी गई जानकारी अपर्याप्त थी। इसीलिए एजेंसी ने तुरंत प्रभाव से इस ऐप पर रोक लगा दी है और इस मामले की औपचारिक जांच भी शुरू कर दी है।

डीपसीक ने हाल ही में एक नया एआई असिस्टेंट लॉन्च किया था जो अन्य सेवाओं की तुलना में कम डेटा का उपयोग करता है और अधिक किफायती है। इस हफ्ते, रिटर्स ने डीपसीक के ऐप स्टोर पर अमेरिका के डीपसीक को भी डाउनलोड के मामले में पीछे छोड़ दिया था। इस वजह से टेक इंडस्ट्री में हलचल मच गई और टेक कंपनियों के शेयरों पर भी असर पड़ा।रिटर्स ने इस मुद्दे पर डीपसीक से प्रतिक्रिया मांगी, लेकिन अभी तक कंपनी की ओर से कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है।

# सुनीता विलियमस ने रचा इतिहास, 9वीं बार किया स्पेसवॉक; 5.5 घंटे तक स्पेस स्टेशन से रहीं बाहर

वाशिंगटन ( आरएनएस)। भारतीय मूल की अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स ने अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर गुरुवार शाम स्पेसवॉक शुरू किया। इस दौरान उनके साथ एस्ट्रोनॉट बुच विल्मोर भी थे। करीब 5.5 घंटे तक चलने वाली इस स्पेसवॉक के दौरान दोनों ने ISS के बाहरी हिस्से को साफ किया और सूक्ष्मजीव प्रयोग के लिए नमूने भी इकट्ठा किए। रिपोर्ट्स के मुताबिक इससे पता चलेगा कि ISS पर सूक्ष्मजीव जीवित हैं या नहीं। इसके अलावा ISS से टूटा हुआ एंटीना भी अलग किया।अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी ने कहा कि नासा के अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर ने गुरुवार को अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) से 5.5 घंटे की स्पेसवॉक के लिए बाहर कदम रखा, जिससे एक नया रिकॉर्ड स्थापित हुआ है। सुनीता विलियम्स के पास अब कुल 62 घंटे, 6 मिनट का स्पेसवॉक समय का रिकॉर्ड भी है, जो नासा की सर्वकालिक सूची में चौथा है। सुनीता विलियम्स का यह 15 दिन के भीतर दूसरा स्पेसवॉक है। उन्होंने 16 जनवरी को एस्ट्रोनॉट निक हेग के साथ साढ़े 6 घंटे तक स्पेसवॉक किया था। अब तक सुनीता विलियम्स 9 स्पेसवॉक कर चुकी हैं।



वहीं, बुच विल्मोर का यह पांचवां स्पेसवॉक है। इन दोनों अंतरिक्ष यात्रियों को 23 जनवरी को स्पेसवॉक करना था लेकिन उनकी तैयारी के लिए इस दिन को 7 दिनों के लिए आगे बढ़ा दिया गया।

NASA ने कहा कि अगर वहां सूक्ष्मजीव मिलते हैं तो प्रयोग से समझने में मदद मिलेगी कि वे अंतरिक्ष के वातावरण में कैसे जीवित रह पाते हैं और कैसे प्रजनन करते हैं। यह भी जानने की कोशिश की जाएगी कि वे अंतरिक्ष में कितनी दूर तक यात्रा कर सकते हैं। यह भी जांच की जाएगी कि ये सूक्ष्मजीव चंद्रमा और मंगल जैसे ग्रह पर जीवित रह पाएंगे या नहीं। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी ने कहा कि सुनिता विलियम्स और बुच विल्मोर ने अपने प्राथमिक उद्देश्य पूरे कर लिए हैं, जिनमें स्टेशन के ट्रस से रेडियो फ्रीक्वेंसी समूह एंटीना असेंबली को हटाना और डेस्टिनी प्रयोगशाला और क्वेस्ट एयरलॉक से विश्लेषण के लिए सतह सामग्री के नमूने एकत्र करना शामिल है। इस बीच, नासा ने बुधवार को कहा कि वह अरबपति एलन मस्क की स्पेसएक्स के साथ मिलकर दो अंतरिक्ष यात्रियों (सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर) को सुरक्षित रूप से घर वापस लाने के लिए काम कर रहा है, जो महीनों से अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन आईएसएस) में फंसे हुए हैं, जितनी जल्दी संभव हो सके।

अनुभवी अंतरिक्ष यात्री विल्मोर और विलियम्स जून 2024 में बोइंग के स्टारलाइनर पर सवार होकर आईएसएस पहुंचे। उन्हें परिक्रमा प्रयोगशाला में केवल आठ दिन बिताने थे, लेकिन अंतरिक्ष यान पर तकनीकी समस्याओं के कारण नासा को अपनी योजना बदलनी पड़ी। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी ने अगस्त में घोषणा की थी कि बोइंग की प्रतिद्वंद्वी स्पेसएक्स फरवरी में चालक दल को घर ले आएगी।

## अमेरिका में विमान हादसा : 18 शव बरामद, एयरलाइंस ने विमान में 60 यात्रियों के सवार होने का किया दावा

वाशिंगटन (आरएनएस)। बुधवार को वाशिंगटन डीसी में यात्री विमान व सेना के ब्लैक हॉक हेलीकॉप्टर के बीच हुई टक्कर में अब तक 18 लोगों का शव बरामद हुआ है। यात्री विमान का संचालन करने वाली अमेरिकन एयरलाइंस ने एक बयान में कहा कि विमान में 60 यात्री और चालक दल के चार सदस्य सवार थे। एक अमेरिकी रक्षा अधिकारी के हवाले से बताया गया है कि ब्लैक हॉक हेलीकॉप्टर में तीन सैनिक सवार थे। एयरलाइंस ने विमान में सवार यात्रियों के परिजनों के लिए एक हॉटलाइन नंबर जारी किया है। स्थानीय मीडिया ने बताया कि बुधवार को वाशिंगटन डीसी में रीगन नेशनल एयरपोर्ट के पास एक यात्री विमान और सेना के ब्लैक हॉक हेलीकॉप्टर के बीच हुई टक्कर के बाद पोटोमैक नदी से 18 शव बरामद किए गए हैं।सीएनएन ने बताया कि बचाव कार्य जारी रहने के दौरान नदी से कोई भी जीवित व्यक्ति नहीं निकाला जा सका है। एक अमेरिकी रक्षा अधिकारी का हवाला देते हुए बताया गया है कि ब्लैक हॉक हेलीकॉप्टर में तीन सैनिक सवार थे।अमेरिकी रक्षा सचिव पीट हेगसेथ ने सोशल प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि पेंटागन स्थिति की सक्रिय रूप से निगरानी कर रहा है और आवश्यकता पड़ने पर सहायता करने के लिए तैयार है।

## अमेरिका ने सीरिया में की एयरस्ट्राइक, हमले में अल-कायदा का आतंकी मुहम्मद सलाह अल-जबीर ढेर

दमिश्क (आरएनएस)। अमेरिकी सेना ने गुरुवार को अलकायदा से जुड़े आतंकवादी संगठन के सीनियर आतंकवादी मोहम्मद सलाह अल-जबीर को मौत के घाट उतार दिया। सीरिया के उत्तर-पश्चिमी हिस्से में एक हवाई हमले में मोहम्मद सलाह अल-जबीर की मौत हुई। अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने एक बयान जारी करते हुए कहा कि यह हवाई हमला आतंकियों के नेटवर्क को तोड़ने के लिए की गई। जाबीर हुरास, अल-दीन नामक ग्रुप से जुड़ा था। यह ग्रुप अलकायदा का सहयोगी संगठन है।

बता दें कि सीरिया में कुछ दिनों पहले तख्तापलट हुआ था। बशर-अल असद की सरकार को विद्रोही गुट तहरीर अल-शाम ने उखाड़ फेंक था। वहीं, अहमद अल-शरा को देश का अंतरिम राष्ट्पति नियुक्त किया गया है। फिलहाल अंतराष्ट्रीय मंचों पर अहमद अल-शरा ही सीरिया का नेतृत्व करेंगे। तख्तापलट होने के बाद बशर-अल असद परिवार के साथ सीरिया चले गए। वहीं, इजरायल ने फिलिस्तीन आतंकवादी समूह हमास के सैन्य प्रमुख मोहम्मद दैफ को हवाई हमले में मार गिराया। आईडीएफ ने इस घटना की पुष्टि की है।

# पूर्व कलेक्टर एवं नवागत कलेक्टर का स्वागत एवं विदाई समारोह आयोजित

**सहकारिता का मुख्य उद्देश्य सर्वांगीण विकास करना है - पूर्व कलेक्टर श्री सिंह**
**बैंक हित के साथ-साथ ग्रामीणों के हितों का भी ध्यान रखना है - नवागत कलेक्टर बालागुरू के.**



सीहोर (निप्र)। सीहोर स्थित जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के सभाकक्ष में पूर्व कलेक्टर एवं बैंक प्रशासक प्रवीण सिंह का विदाई समारोह एवं नवागत कलेक्टर एवं बैंक प्रशासक बालागुरू के का स्वागत समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर पूर्व कलेक्टर एवं बैंक प्रशासक प्रवीण सिंह ने कहा कि सभी बैंक अधिकारियों एवं कर्मचारियों का किसानों और ग्राहकों के लिए संवेदनशील व्यवहार होना चाहिए। यदि कोई भी अपनी समस्या लेकर आया है तो उसकी समस्या का एक ही बार में निराकरण होना चाहिए ताकि उन्हें बार-बार परेशान न होना पड़े। इसके लिए उन्हें सही जानकारी देकर और उसके कार्य की समयसीमा बताकर संतुष्ट करने का प्रयास करना चाहिए।

सहकारी बैंक से अधिकतर किसान एवं ग्रामीण जन जुडे हुए हैं, इसलिए उनकी हर संभव सहायता की जाना चाहिए ताकि उन्हें किसी भी काम के लिए परेशान न होना पड़े, क्योंकि हमारा मुख्य उद्देश्य सहकारिता के माध्यम से सर्वांगीण विकास करना है। समारोह में नवागत कलेक्टर एवं बैंक प्रशासक बालागुरू के ने अपने स्वागत के लिए सभी को धन्यवाद देते हुए पूर्व कलेक्टर श्री सिंह द्वारा किए जा रहे सहकारिता से संबंधित उत्कृष्ट कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए कह। उन्होंने कहा कि सहकारी बैंक का दायरा बड़ा है, इसके माध्यम से हम समाज के हर वर्ग से जुड़कर उन्हें लाभ पहुंचा सकते हैं। इसके लिए हमें बैंक हित के साथ-साथ ग्रामीणों के हितों का भी ध्यान रखना होगा। बैंक कर्मचारी अपनी ओर से सहकारिता के क्षेत्र में अच्छा कार्य करें, कोई भी समस्या होने पर उसका त्वरित निराकरण कराया जाएगा। समारोह में बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी पीएन यादव ने नवागत कलेक्टर बालागुरू के एवं पूर्व कलेक्टर प्रवीण सिंह को शाल-श्रीफल व स्मृति चिन्ह भेंट कर उन्हें सम्मानित किया। समारोह में सहकारिता उपायुक्त सुधीर कैथवास, जिला विपणन अधिकारी प्रशांत वामनकर, वेयर हाउस प्रबंधक सूर्यवंशी सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।



## आर्द्रभूमि का संरक्षण विषय पर व्याख्यान आयोजित

सीहोर (निप्र)। विश्व वेटलैंड दिवस के अवसर पर सीहोर स्थित पीएम कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस में पर्यावरण शिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत आद्र भूमि की भूमिका एवं महत्व के संबंध में विद्यार्थियों को शपथ दिलाई गई। इसके साथ ही आद्र भूमि का संरक्षण विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान में आद्र भूमि की भूमिका, महत्व एवं उसके संरक्षण के बारे में विद्यार्थियों को विस्तार से जानकारी दी गई।

## पॉक्सो अधिनियम-कानून के अंतर्गत अनेक सुविधाएँ

सीहोर (निप्र)। भारत में बच्चों के यौन उत्पीड़न से संबंधित जटिल और संवेदनशील मुद्दों को ध्यान में रखते हुए वर्ष 2012 में पॉक्सो अधिनियम लागू किया गया था। इसी अधिनियम का मुख्य उद्देश्य बच्चों को यौन उत्पीड़न से सुरक्षित रखना तथा ऐसे मामलों में अपराधी को कठोर सजा दिलाना है।पॉक्सो कानून के अंतर्गत सुविधाएँ 24 घंटों के अंदर बच्चे को संरक्षण व जरूरत के अनुसार चिकित्सा सुविधा। किसी व्यक्ति पुलिस द्वारा रिपोर्ट न करने पर 6 माह का कारावास या जुर्माना या दोनों। विधि सहायता एवं व्यय वहन करने में असमर्थ होने की स्थिति में विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा मुफ्त वकील की व्यवस्था। प्रत्येक प्रकरण की सुनवाई विशेष न्यायालय में होना अनिवार्य है।चालान/रिपोर्ट की मुफ्त प्रति बच्चे के माता-पिता को उपलब्ध कराना।

## तरंगिनी मेले का आयोजन



सीहोर (निप्र)। महिला एवं बाल विकास परियोजना सीहोर शहरी और अज़ीम प्रेमजी फाउंडेशन, सीहोर के संयुक्त तत्वावधान में तरंगिनी मेले का आयोजन सीहोर क्लब में किया गया। जिसमें शहरी परियोजना के चारों सेक्टर की कुछ कार्यकर्ताओं ने मार्गदर्शिका में सुझाए गए पांचों डोमेन को केंद्र में रखते हुए कुछ सहायक सामग्री व गतिविधिया तैयार की। आज उन सभी का प्रदर्शन विभिन्न कॉर्नर के माध्यम से जैसे भाषा विकास, आरंभिक गणित, पुस्तकालय, संज्ञानात्मक विकास और खेल के माध्यम से किया गया। महिला बाल विकास विभाग के जिला परियोजना अधिकारी प्रफुल्ल खत्री और सुषमा सहायक संचालक ने इस आयोजन में शामिल होते हुए इस आयोजन की सराहना की हैं। साथ ही समय-समय पर इस तरह के आयोजन करने के सुझाव भी दिए हैं। आयोजन में सीहोर शहरी परियोजना की सभी कार्यकर्ता, सहायिका, पालकों, बच्चें, शिक्षा विभाग से बीआरसीसी अशोक कुमार वर्मा और सुरेंद्र यादव व कुछ शिक्षक मिलाकर लगभग 350 सदस्य शामिल हुए।



## अर्चना तिवारी को मिली पीएचडी की उपाधि

सीहोर (निप्र)। सीहोर नगर के वरिष्ठ समाजसेवी पंडित महेश चंद तिवारी की पुत्रवधू अर्चना दीपक तिवारी के द्वारा फंगल संक्रमण के उपचार में पाली हर्बल तैयारी का निर्माण मूल्यांकन और जैविक विषय में शोध किए जाने पर सेज यूनिवर्सिटी द्वारा पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई। श्रीमती अर्चना दीपक तिवारी को पीएचडी की मानक उपाधि प्राप्त होने पर इष्ट मित्रों एवं शुभचिंतकों ने शुभकामनाएं प्रेषित की।

## जिले में किसान पंजीयन के लिए 160 पंजीयन केन्द्र निर्धारित

**कलेक्टर के निर्देश किसानों की सुविधा के लिए केन्द्र पर दरिया कुर्सी टेबल, पेयजल छायादार स्थल हो**

सीहोर (निप्र)। रबी विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिए जिला उपार्जन समिति के निर्णय अनुसार पूर्व में जारी आदेश में आंशिक संशोधन करते हुए अब जिले में किसान पंजीयन के लिए 160 पंजीयन केन्द्र निर्धारित किये जाते है। जिला उपार्जन समिति के निर्णय अनुसार कलेक्टर ने जिले में 160 पंजीयन केन्द्र निर्धारित किये है। जिनमें आष्टा अनुविभाग के अन्तर्गत 23 केन्द्र बनाये गये है जिनमें आष्टा सहकारी विपणन संस्था, प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति कोठरी, डाबरी, भवरा, मैना, मैना केन्द्र क्रं 2, खामखेडा जतरा, दुपाडिया, बेदाखेडी, सेवदा, गवाखेड़ा, बागेर, निपानियाकला, खडीहाट, पगारियाराम, बमूलियाभाटी, मुगली, लसूडियापार, खाचरोद, खाचरोद केन्द्र क्रं 2, लोरामखुर्द, हकीमाबाद और पगारिहाट है। जावर तहसील के अन्तर्गत 11 केन्द्रों में प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति सिद्दीकगंज, सिद्दीकगंज केन्द्र के 2, जावर, कजलास, मेहतवाड़ा, मुरावर, फूडरा, भाउखेडा, भाउखेड़ा केन्द्र के 2, भंवरीकला, ग्वाली शामिल है। इसी प्रकार अनुविभाग इछावर के अन्तर्गत 13 केन्द्र निर्धारित किये गये है उनमें सहकारी विपणन संस्था इछावर, प्राथमिक कृषि साख सेवा सहकारी समिति इछावर, आमला रामजीपुरा, आमला रामजीपुरा केन्द्र क्रं 2, रामदासी, बोरदीकला, बोरदीकला केन्द्र के 2, रामनगर, दिवडीया, आमलाहा, जमोनिया फतेहपुर, धामंदा, बावडियाचार शामिल है।

## ऑनलाइन अल्प-विराम प्रशिक्षण 3 फरवरी से

सीहोर (निप्र)। राज्य आनंद संस्थान द्वारा आगामी 3 से 7 फरवरी, 2025 तक पांच दिवसीय ऑनलाइन अल्प-विराम प्रशिक्षण का आयोजन किया गया है। इसके बाद 10 से 14 फरवरी, 17 से 21 फरवरी एवं 24 से 28 फरवरी, 2025 तक ऑनलाइन अल्प-विराम प्रशिक्षण का आयोजन किया गया है। प्रशिक्षण में शासकीय एवं अशासकीय व्यक्ति पंजीयन कराकर भाग ले सकते हैं। अधिक जानकारी राज्य आनंद संस्थान की वेबसाइट www. anandsansthan-mp.in से प्राप्त की जा सकती है।

## तीन फरवरी तक किया जाएगा शिव पार्थिव पूजन का आयोजन

सीहोर (निप्र)। धन की तीन गति होती है, दान, उपभोग और नाश। दानपुण्य करने वाली गति सबसे श्रेष्ठ होती है। दूसरी गति स्वयं और परिवार पर खर्च करना और तीसरी गति अपने धन को दूसरे के द्वारा खर्च करते हुए



नष्ट करना। उक्त विचार शहर के ब्रह्मपुरी कालोनी स्थित चमत्कालेश्वर महादेव मंदिर में समस्त महिला मंडल ब्रह्मपुरी कालोनी के तत्वाधान जारी संगीतमय सात दिवसीय नर्मदा पुराण के तीसरे दिन कथा व्यास पंडित चेतन उपाध्याय ने नर्मदा पुराण और दान की महिमा पर प्रकाश डाला। मां नर्मदा के दर्शन करने से सभी पापों से मुक्ति मिलती है। शुक्रवार को पंडित श्री उपाध्याय ने कहा कि आज की भाग दौड़ की जिंदगी में लोग आधुनिक भौतिक सुख अर्जित करने के लिए पैसा कमाने के पीछे पड़े हुए है, जबकि असली कमाई भागवत नाम है। पैसे की तीन गति बताई गई है। दान, भोग और विनाश। धन किसी भी अवस्था में स्थिर नहीं रह सकता है। जिसके लिए पैसे को देव कार्यों में खर्च करना चाहिए। इससे इस लोक और परलोक में भी सूख देता है।


**टेण्डर नं. 02/2025**
**//भोजन, चाय, नाश्ता सर्विसेस//**
**कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला सीहोर (म.प्र.)**
**(जिला अदालत रोड सीहोर म.प्र.)**
वर्ष 2025-26 में जिला / ब्लाक स्तर पर आयोजित होने वाले विभिन्न बैठकों/कार्यक्रमों/कार्यशाला/प्रशिक्षण एवं शिविरों के लिए भोजन, चाय एवं नाश्ते की व्यवस्था उपलब्ध कराने के लिए ई-निविदा आमंत्रण सूचना
**निविदा प्रक्रिया विवरण**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा का प्रकार | वर्ष 2025-26 में जिला/ब्लाक स्तर पर आयोजित होने वाले विभिन्न बैठकों/कार्यक्रमों /कार्यशाला / प्रशिक्षण एवं शिविरों के लिए भोजन, चाय एवं नाश्ते की व्यवस्था उपलब्ध कराने के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। |
| 2 | निविदा दस्तावेज ऑनलाईन क्रय हेतु उपलब्धता | शासकीय निविदा प्रपत्र मूल्य राशि 1000/- (एक हजार रूपये) है जो ई-टेण्डर http://mptenders.gov.in पर देय होगा। कोई समस्या आने पर ई-टेण्डर के हेल्प लाईन नम्बर 0755-4096219 पर सम्पर्क करें। |
| 3 | ऑनलाईन निविदा जारी करने की दिनांक एवं समय की | दिनांक 31.01.2025 समय दोपहर 12:00 बजे से |
| 4 | ऑनलाईन निविदा क्रय करने की दिनांक एवं समय | दिनांक 31.01.2025 समय दोपहर 03:00 बजे से |
| 5 | ऑनलाईन निविदा क्रय करने की अंतिम दिनांक एवं समय | दिनांक 13.02.2025 समय दोपहर 03:00 बजे तक |
| 6 | ऑनलाईन निविदा जमा करने की अंतिम दिनांक एवं समय | दिनांक 13.02.2025 समय शाम 06:00 बजे तक |
| 7 | तकनीकी निविदा ऑनलाईन खोले जाने की दिनांक एवं समय | दिनांक 17.02.2025 समय दोपहर 12:00 बजे |
| 8 | वित्तीय निविदा ऑनलाईन खोले जाने की दिनांक एवं समय | निविदा समिति निर्णय अनुसार |

जी/22403/24
हेलमेट पहनकर वाहन चलायें,अपनी व दूसरों की जान बचायें
**(डॉ. सुधार कुमार डेहरिया)**
**मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी**
**जिला सीहोर (म.प्र.)**


## राष्ट्रीय स्तर कॉन्सेप्ट टेस्ट इन केमिस्ट्री का आयोजन

सीहोर (निप्र)। आज प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस चंद्रशेखर आजाद शासकीय स्नातकोतर अग्रणी महाविद्यालय के रसायन शास्त्र विभाग में एसोसिएशन ऑफ केमिस्ट्री टीचर्स होमी भाभा साइंस सेंटर मुंबई द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर कॉन्सेप्ट टेस्ट इन केमिस्ट्री फेस 1 के अंतर्गत रसायन शास्त्र के विद्यार्थियों के लिए बहुविकल्पीय परीक्षा का आयोजन किया गया जिसमें बीएससी प्रथम ,द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के रसायन शास्त्र के विद्यार्थियों ने भाग लिया । महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ रोहिताश्व कुमार शर्मा ने विद्यार्थियों को इस प्रकार आयोजित होने वाली विषयपरक परीक्षाओं में सहभागिता लेने के लिए उत्साहवर्धन व मार्गदर्शन दिया । उन्होंने बताया इन परीक्षाओं में हिस्सा लेने से बौद्धिक क्षमता का विकास होता है महाविद्यालय की नवाचार समिति की प्रभारी डॉ सुमन रोहिला ने केमिस्ट्री की उपयोगिता के महत्व को दैनिक जीवन में रोजगार के संदर्भ मे विद्यार्थियों को बताया । महाविद्यालय की परीक्षा कोऑर्डिनेटर एवं एसोसिएशन ऑफ केमिस्ट्री टीचर्स की सदस्य डॉ गीता वर्मा ने बताया कि यह परीक्षा प्रतिवर्ष राष्ट्रीय स्तर पर एक ही दिन आयोजित की जाती है परीक्षा का मुख्य उद्देश्य स्नातक स्तर के विद्यार्थियों को रसायन विषय के मूलभूत सिद्धांतों व उनकी उपयोगिता के बारे में बताना है । यह परीक्षा विभिन राज्यो के शैक्षणिक कैलेंडर अनुसार विद्यार्थियों की सहभागिता को देखते हुए प्रतिवर्ष दो बार फेस वन के अंतर्गत माह जनवरी और फेस टू के अंतर्गत माह मार्च में आयोजित की जाती है।

## बसंत पंचमी को किया जाएगा यज्ञ का आयोजन

**शिव-शक्ति की साधना से मानव जीवन का कल्याण होता है-आचार्य पंडित चंद्रप्रकाश शास्त्री**



सीहोर (निप्र)। भगवानशिव इस सृष्टि के परम सत्य हैं। भगवान शिव संहारक भी हैं और सभी प्राणियों के रक्षक भी है। भगवान शिव मृत्युंजय हैं, तो शक्ति काली, बगला, तारा और भुवनेश्वरी हैं। भगवान शिव पिता एवं शक्ति समस्त प्राणियों की माता हैं। भगवान शिव एवं माता शक्ति की कृपा से ही यह संसार संचालित है। उक्त विचार शहर के बढ़ियाखेड़ी स्थित जीवन वाटिका कालोनी में जारी पांच दिवसीय श्री शिव-शक्ति अनुष्ठान में आचार्य पंडित चंद्रप्रकाश शास्त्री ने कहे। वाटिका में पहले दिन धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन किया गया था। इसके अलावा महामृत्युंजय जाप, शिव पार्थिव पूजन और शिव अर्चना की गई। अनुष्ठान के द्वारा युवा कथा व्यास पंडित शिवम मिश्रा, पंडित शिव कुमार शास्त्री, पंडित रविकांत शास्त्री, पंडित जितेन्द्र शास्त्री और आशीष शास्त्री आदि शामिल थे।आचार्य पंडित चंद्रप्रकाश शास्त्री ने कहा कि महामृत्युंजय मंत्र भगवान शिव को प्रसन्न करने वाला खास मंत्र है। ये मंत्र ऋग्वेद और यजुर्वेद में भगवान शिव की स्तुती में लिखा है। रुद्राक्ष की माला से इस मंत्र का जप करना चाहिए। जिससे हर तरह की परेशानी और रोग खत्म हो जाते हैं। वहीं अकाल मृत्यु का डर भी दूर होता है। इस मंत्र के जप से मनुष्य की सभी बाधाएं और परेशानियां खत्म हो जाती हैं। भगवान शिव प्राणदायक है और प्राण सभी प्राणियों को प्रिय है। प्राण की रक्षा के लिए भगवान शिव की पूजा-अर्चन अनुष्ठान, मंत्र-पाठ, हवन-यज्ञ एवं दान-पुण्य की परंपरा चली रही है। शिव शक्ति की साधना से केवल अकाल मृत्यु पर विजय प्राप्त किया जा सकता है। अपितु बल, बुद्धि, विद्या एवं आयु को बढ़ाया और बुरे वक्त को टाला भी जा सकता है। शिव-शक्ति की साधना से मानव जीवन का कल्याण होता है। ईष्टजनों के वियोग, भाई-बंधुओं के विद्रोह, दोषारोपण, कलंक, उदासी, धनाभाव और कोर्ट-कचहरी के मसले हल होंगे।

## किसान स्वराज संगठन अपनी मांगों को लेकर करेगा बड़ा आंदोलन..

**शासन प्रशासन को दी चेतावनी**

भैरूंदा , नसरुल्लागंज (निप्र)। मध्य प्रदेश सरकार द्वारा इस वर्ष किसानों से गेहूं की खरीदी को लेकर एमएसपी 2425 रुपए निर्धारित की है। जिस पर सरकार गेहूं की खरीदी करवाएगी, जिसको



लेकर प्रदेश सरकार ने पंजीयन का कार्य शुरू कर दिया है,जिसकी अंतिम तिथि 31 मार्च रहेगी वही स्वराज संगठन के प्रदेश अध्यक्ष गजेंद्र सिंह जाट ने एमएसपी पर गेहूं की खरीदी को बताया, किसानों के साथ धोखा कहा कि सरकार ने चुनाव के समय किसानों से वादा किया था, कि हम 2700 रुपए प्रति कुंटल एमएसपी पर किसान के गेहूं की खरीदी की जाएगी,परंतु मध्य प्रदेश सरकार द्वारा 2425 रुपये प्रति कुंतल पर खरीदी करने के लिए पंजीयन करा रही है, जिस पर सरकार ने अभी तक किसी प्रकार के कोई बोनस की भी घोषणा नहीं की है, जिसको लेकर किसान स्वराज संगठन पूरे प्रदेश में आंदोलन करेंगे, जिसकी तमाम जवाबदारी सरकार की रहेगी।

## विभिन्न स्कूलों में कैरियर काउंसलिंग आयोजित



सीहोर, (निप्र)। जिला रोजगार कार्यालय (मॉडल कैरियर सेंटर) द्वारा सेवनिया, सेमली जदीद एवं रूपेटा के शासकीय हाई स्कूल तथा सीहोर के शासकीय उत्कृष्ट स्कूल एवं सुभाष स्कूल में विद्यार्थियों की कॅरियर काउंसलिंग आयोजित की गई। काउंसलिंग मे काउंसलरों, विषय विशेषज्ञों द्वारा विभिन्न कैरियर एवं विषयों के बारे में विद्यार्थियों को जानकारी दी गई। काउंसलिंग में विद्यार्थियों को कॉमर्स, आर्ट्स, बायोलॉजी, गणित, टेक्निकल, मेडिकल के साथ शासन की विभिन्न कौशल विकास की योजनाओं पर चर्चा कर ऑफबीट करियर के विषय में जानकारी प्रदान की गई। साथ ही छात्र- छात्रों को जीवन कौशल शिक्षा पर विस्तृत रूप से चर्चा की साथ ही आपने इसके कारकों के बारे में बताया गया। विद्यार्थियों को बताया गया कि जीवन में सकारात्मकता लाने के लिए कौशल शिक्षा बहुत महत्वपूर्ण हैं। इसके साथ ही विद्यार्थियों को नेशनल करियर सर्विस पोर्टल के बारे में विस्तृत रूप से पंजीयन की जानकारी भी प्रदान की गई। कार्यक्रम में डॉ राकेश दांगी, श्री खालिद खान, रवि कुमार सोनी सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी एवं शिक्षक गण तथा छात्र-छात्राएं शामिल हुए।


**कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला सीहोर (म.प्र.)**
**D.N. 1015** **(जिला अदालत रोड सीहोर म.प्र.)** सीहोर, दिनांक 28-01-2025
**निविदा दस्तावेज**
**टेण्डर नं. 03/2025**
**विकासखण्ड स्तर पर आर. के. एस. ऑडिट कार्य के सबंध में वर्ष 2025-26 हेतु निविदा दस्तावेज बावत जानकारी।**
**निविदा प्रक्रिया विवरण निम्नानुसार है :-**

| | | |
|---|---|---|
| 01. | निविदा विवरण | विकासखंड स्तर पर आर.के. एस. ऑडिट कार्य कराने के सबंध में । |
| 02. | निविदा दस्तावेज आनलाईन कय हेतु उपलब्धता | शासकीय निविदा प्रपत्र का मूल्य राशि 1000/- (एक हजार मात्र) है जो एमपी टेंडर http;//www.mptenders.gov. पर देय होगा। कोई भी समस्या आने पर एमपी टेंडर की हेल्प लाईन पर संपर्क करे, 0120-4001002 पर संपर्क करें। |
| 03. | ऑनलाईन निविदा जारी करने की दिनांक एवं समय | दिनांक 31.01.2025 समय दोपहर 12:00 बजे से |
| 04. | ऑनलाईन निविदा क्रय करने की दिनांक एवं समय | दिनांक 31.01.2025 समय दोपहर 03:00 बजे से |
| 05. | ऑनलाईन निविदा क्रय करने की अंतिम दिनांक एवं समय | दिनांक 13.02.2025 समय दोपहर 03:00 बजे तक |
| 06. | ऑनलाईन निविदा जमा करने की अंतिम दिनांक एवं समय | दिनांक 13.02.2025 समय शाम 06:00 बजे तक |
| 07. | तकनीकी निविदा ऑनलाईन खोले जाने की दिनांक एवं समय | दिनांक 17.02.2025 समय दोपहर 12:00 बजे |
| 08. | वित्तीय निविदा ऑनलाईन खोले जाने की दिनांक एवं समय | निविदा समिति निर्णय अनुसार |

**टिप्पणी** :- निविदा प्राप्ति की तिथी व समय में अवकाश घोषित होने पर, किसी कारण वश परिवर्तन होता है तो निर्धारित तारीख से आगामी कार्य दिवस पर पूर्व निर्धारित कार्यक्रम अनुसार तिथी व समय पर खोली जावेगी।

जी/22409/24
हेलमेट पहनकर वाहन चलायें,अपनी व दूसरों की जान बचायें
**(डॉ. सुधीर कुमार डेहरिया)**
**मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी**
**जिला सीहोर**


स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिटंर्स, प्लाट नं.21,सेक्टर-एच,इंडस्ट्रियल एरिया,गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा कलेक्ट्रेट के सामने कलेक्ट्रेट रोड सीहोर म.प्र. से प्रकाशित। ब्यूरो प्रमुख -भावना सक्सेना।
स्थानीय प्रतिनिधि-मनोज दीक्षित, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो.9425025999 ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com